हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, शनिवार 12 जुलाई 2025

तापमान
अधिकतम 31.9 डिग्री
न्यूनतम 23.8 डिग्री

14 मिर्गी का झटका रोकने वाली दवा अमानक कंपनी को...



14 रायपुरा के लोगों ने विधायक मूणत के जन चौपाल में...



# आयुष विवि ने दोगुनी की बीएससी नर्सिंग फीस, बगैर वैकल्पिक व्यवस्था पैनल सिस्टम भी बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

आयुष विवि ने बीएससी नर्सिंग का परीक्षा शुल्क दोगुना कर दिया है। इस संदर्भ में छात्रों को कोई पूर्व सूचना नहीं दी गई थी। विद्यार्थियों ने जब सेमेस्टर परीक्षाओं के लिए आवेदन भरा, तब उन्हें पता चला की इस बार उन्हें एग्जाम फीस दोगुनी देनी होगी। पिछले शैक्षणिक सत्र तक बीएससी नर्सिंग के लिए 1500 रुपए परीक्षा फीस देनी होती थी, लेकिन इस बार छात्रों को 3 हजार रूपए देने पड़ रहे हैं। बीएससी नर्सिंग के सभी सेमेस्टर में बढ़ी हुई परीक्षा फीस लागू की गई है।

सेमेस्टर परीक्षाओं के लिए विवि द्वारा सामान्य फीस के साथ 1 से 7 जुलाई तक आवेदन मांगे गए थे। इसके बाद परीक्षा फीस के 10 प्रतिशत हिस्से को विलंब शुल्क के रूप में मान्य करते हुए 10 जुलाई तक फॉर्म भरने की छूट छात्रों को ▶▶|शेष पेज 13 पर

## परीक्षा शुल्क के रूप में अब विद्यार्थियों को देने होंगे 1500 की जगह 3000 रुपए

### ऑनलाइन ही होगी पूरी व्यवस्था

फीस के अतिरिक्त एक अन्य दिक्कत छात्रों के समक्ष वन वे विंडो पैनल सिस्टम को विश्वविद्यालय द्वारा बंद कर दिए जाने के कारण उत्पन्न हो गई है। माइग्रेशन, अंकसूची, पुनर्गणना-पुनर्मूल्यांकन सहित सभी तरह की समस्याओं के लिए विवि द्वारा एक सिंगल विंडो सिस्टम संचालित था। इसके माध्यम से विद्यार्थी किसी भी तरह की समस्या दर्ज करा सकते थे। विश्वविद्यालय द्वारा उक्त व्यवस्था को ऑनलाइन किए जाने की तैयारी है, ताकि प्रत्येक तरह की शिकायत छात्र ऑनलाइन ही दर्ज कर सकें। विश्वविद्यालय द्वारा ऑनलाइन सिस्टम प्रारंभ किए बगैर ही सिंगल विंडो को बंद किए जाने के कारण यहां-वहां भटक रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, विद्यार्थियों की शिकायत के बाद अब विवि ऑनलाइन सुविधा प्रारंभ होने तक इसे पुनः प्रारंभ करने की तैयारी है।



### इधर, छात्रों ने जताई नाराजगी

परीक्षा शुल्क को बिना पूर्व सूचना के एकमुश्त दोगुना किए जाने से छात्रों में आक्रोश है। कई छात्रसंगठनों ने इसे लेकर नाराजगी जताई है। छात्रों का कहना है कि यह नीति एवं नैतिकता दोनों के विरुद्ध है। इससे हम पर आर्थिक भार बढ़ा है और उनकी पढ़ाई पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने विवि प्रबंधन से फीस वृद्धि वापस लेने की मांग की है। एबीवीपी के महानगर मंत्री प्रथम राव फूटाने ने कहा, छात्रों के साथ आर्थिक और मानसिक अन्याय हो रहा है। इसके अलावा पुनर्मूल्यांकन-पुनर्गणना परिणामों में लगने वाले अधिक समय को लेकर भी छात्रों ने रोष जताया है। छात्रों का कहना है कि यदि किसी छात्र को पूरक की पात्रता मिलती है और वह पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन करता है, तो उसका परिणाम इतना विलंब से आता है कि वह अगले सेमेस्टर का परीक्षा फॉर्म ही नहीं भर पाता है।

## खबर संक्षेप

### हिस्ट्रीशीटर बदमाश 16 किलो गांजा के साथ गिरफ्तार

**रायपुर।** टिकरापारा थाना क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटर को पुलिस ने गांजा तस्करी करने के आरोप में गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक लाख 66 हजार रुपए कीमत का 16 किलो गांजा जब्त किया है। गिरफ्तार बदमाश के खिलाफ हत्या, मारपीट, लूट, एनडीपीएस सहित कई गंभीर धाराओं के खिलाफ टिकरापारा तथा अन्य थाना क्षेत्रों में अपराध दर्ज है। मोहम्मद राशिद अली उर्फ राजा बैझड़ को पुलिस ने गांजा तस्करी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। राजा बैझड़ कुछ दिन पूर्व ही जेल जमानत पर छूट कर आया था। पुलिस के अनुसार कमल विहार सेक्टर-4 के एक निर्माणाधीन मकान में राजा बैझड़ ने अपने साथियों के साथ गांजा छिपाकर रखा था। राजा उसी निर्माणाधीन मकान से चोरी छिपे पान ठेला तथा अपने गुर्गों के माध्यम से गांजा बेचने का काम कर रहा था। जेल से छूटने के बाद पुलिस राजा की गतिविधियों की लगातार निगरानी कर रही थी। इसी के चलते राजा बैझड़ पुलिस की नजरों से ज्यादा दिन नहीं बच पाया और गांजा के साथ पकड़ा गया।

### मामूली विवाद पर पत्नी का गला घोंटकर हत्या

**रायपुर।** तिल्दा-नेवरा पुलिस ने मामूली विवाद पर गर्भवती पत्नी की हत्या करने के आरोप में उसके पति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सुरूज की हत्या करने के आरोप में पदुम निर्मलकर को गिरफ्तार किया है। सुरूज की बड़ी बहन ने पुलिस को बताया कि उसकी बहन का पदुम के साथ एक वर्ष पूर्व विवाह हुआ था। शादी के बाद से पति-पत्नी निजी बात को लेकर विवाद करते थे। गुरुवार को मामूली विवाद के चलते पदुम ने अपनी पत्नी की गला घोंटकर हत्या कर दी। सुरूज सात माह की गर्भवती थी।

### आलमारी से दो लाख के सोने के जेवर चोरी

**रायपुर।** टिकरापारा थाने में एक महिला ने अज्ञात चोर के खिलाफ घर की आलमारी में रखे दो लाख रुपए के सोने के जेवर तथा सिक्का चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। भैरव नगर निवासी रूबीना अंजुम ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। रूबीना ने पुलिस को बताया कि अज्ञात चोर 26 अप्रैल से 21 जून के बीच घर की आलमारी खोलकर लॉकर में रखे सोने के जेवर चोरी कर ले गया। लॉकर खोलने पर महिला को जेवर चोरी होने की जानकारी मिली।

### मशरूम फैक्ट्री में सौ से ज्यादा मजदूरों के काम करने की पुष्टि, 34 का रेस्क्यू

# 10 हजार देने का झांसा देकर लाए गए थे मजदूर, मिली प्रताड़ना, सभी भेजे गए वापस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

खरोरा थाना क्षेत्र में मशरूम फैक्ट्री में रेस्क्यू किए गए बंधक मजदूरों की जांच अब श्रम विभाग के अफसर करेंगे। इस बात की पुष्टि श्रम विभाग में असिस्टेंट कमिश्नर देवेंद्र कुमार देवांगन ने की है। अफसर ने माना, फैक्ट्री में एक नाबालिग लड़की भी काम कर रही थी। बंधक मजदूरों को रेस्क्यू करने के बाद उन्हें उनके गृह क्षेत्र के लिए गुरुवार देर रात रवाना कर दिया गया है। अफसर के अनुसार फैक्ट्री में काम कर रहे 34 मजदूरों को रेस्क्यू किया गया है।

खरोरा स्थित उमाश्री राइस मिल के एक भाग में मोजो मशरूम फैक्ट्री में नाबालिग तथा मजदूरों को बंधक बनाए जाने की ▶▶|शेष पेज 13 पर

अफसर बोले-

### पड़ताल के बाद कार्रवाई

श्रम विभाग के असिस्टेंट कमिश्नर के अनुसार श्रम निरीक्षक से अब तक विस्तृत प्रतिवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। अफसर ने प्रतिवेदन रिपोर्ट मिलने के बाद फैक्ट्री मालिक के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कही। मजदूरों के वापस उनके गांव जाने के बाद उनके बयान लेने के सवाल पर अफसर बोले कि संबंधित राज्य के श्रम विभाग के अफसरों के माध्यम से मजदूरों का बयान दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।


खरोरा में छह महीने से बंधक 52 श्रमिक पुरुष-महिलाएं बच्चे छुड़ाए गए, साथ में 12 दिन का बच्चा भी

**बंधक बनाए जाने के सवाल पर कहा जांच की जाएगी**

मोजो मशरूम फैक्ट्री में सौ से ज्यादा मजदूर काम करते हैं, जिनमें से 34 मजदूरों को छुड़ाया गया है। मजदूरों को बंधक बनाकर काम कराने तथा जिम्मेदारों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के सवाल पर श्रम विभाग के अफसर का कहना है कि विस्तृत रिपोर्ट मिलने के बाद ही फैक्ट्री मालिक के खिलाफ अपराध दर्ज किया जाएगा।

### महीने में 10 हजार का लालच देकर बंधक बनाया

जिन मजदूरों को रेस्क्यू कर छुड़ाया गया है, उनमें से ज्यादातर मजदूरों को छह माह पूर्व काम पर लाया गया है। मजदूरों को काम पर लाने वाले ठेकेदार का नाम उत्तरप्रदेश, जौनपुर निवासी भोला बताया जा रहा है। मजदूरों के अनुसार भोला ठेकेदार उन्हें पैकिंग करने के एवज में हर माह 10 हजार रुपए मजदूरी मिलने का झांसा देकर लाया था। पैक्ट्री में काम करने मजदूर पहुंचे, तो उनसे मशरूम काटने और बोझ ढोने का काम करवाया गया। उन्हें 16 से 18 घंटे काम करवाया जाता था। बीच में अगर मजदूर सोने चले जाते, तो उन्हें ठेकेदार मारपीट कर नींद से उठाता था। मजदूरों को कमरे में बंद करके रखा जाता था।

आम नागरिकों को सुविधा

## अब पुरानी गाड़ी का नंबर नए वाहन में भी लगा सकेंगे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य सरकार ने आम नागरिकों को एक और महत्वपूर्ण सुविधा का उपहार दिया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में मंत्रिपरिषद की बैठक में एक अहम निर्णय लेते हुए यह सुविधा प्रदान की गई है कि अब वाहन मालिक अपने पुराने वाहन के मनपसंद या च्वाइस नंबर का उपयोग नए वाहन में भी कर सकेंगे।

परिवहन सचिव एस. प्रकाश एवं परिवहन आयुक्त डी. रविशंकर ने बताया कि इस संबंध में विभाग द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस नई व्यवस्था से आमजन को सुविधा मिलेगी और ▶▶|शेष पेज 13 पर

### ऐसे मिलेंगे पुराने नंबर

परिवहन विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, अब वाहन स्वामी जिनके पुराने वाहनों का पंजीयन विधिपूर्वक निरस्त हो चुका है, वे उसी श्रेणी के नए या अन्य राज्य से एनओसी लेकर आए वाहनों में पुराने पंजीयन नंबर को पुनः प्राप्त कर सकेंगे। इसके लिए वाहन मालिकों को निर्धारित शुल्क का ऑनलाइन भुगतान करना होगा। यदि पुराना नंबर सामान्य (नॉन-फैंसी) हो, तब भी वाहन स्वामी शुल्क ▶▶|शेष पेज 13 पर

## गिरोह बनाकर चोरी, आधा दर्जन शातिर गिरफ्तार 26 तोला सोना और एक किलो चांदी के जेवर जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी के आउटर थाना क्षेत्र में सक्रिय होकर सूने मकानों में चोरी करने वाले एक शातिर गिरोह के आधा दर्जन चोरों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में चोरी का माल खरीदने वाला भी शामिल है। पुलिस तथा क्राइम ब्रांच की टीम ने 18 चोरी की घटना का पर्दाफास किया है। चोरों के कब्जे से पुलिस ने 26 तोला सोना तथा एक किलो चांदी के जेवर, नकदी सहित 30 लाख रुपए का चोरी का माल जब्त किया है।

- चोर गिरोह आउटर के थानों में सक्रिय होकर कर रहा था चोरी

मामले का खुलासा करते हुए एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह ने बताया कि चोरी के आरोप में सागर नगरहा (देवार), भूपेन्द्र साहू, शुभांकर पटेल (देवार), रवि नेताम (देवार), करण ध्रुव (देवार) तथा चोरी का माल खरीदने के आरोप में सुरेश सोनझरा को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने जिन चोरों को गिरफ्तार किया है, उन लोगों ने मुजगहन, अभनपुर, ▶▶|शेष पेज 13 पर

### घटना में शामिल अन्य फरार आरोपियों की पुलिस कर रही पतासाजी





### रैकी करने के बाद चोरी

पुलिस के अनुसार चोर चोरी करने से पहले अलग-अलग क्षेत्र में घूम-घूमकर रैकी करते थे। जिस घर का दरवाजा बंद मिलता था, दूसरे दिन उस घर को पुनः देखने के लिए जाते थे। इस दौरान दूसरे दिन भी घर का दरवाजा बंद मिलता था। उसके बाद चोर गिरोह में शामिल बदमाश एक दूसरे के पास इसकी जानकारी साझा कर वहां चोरी करने के लिए जाते थे।

### सौ से ज्यादा सीसीटीवी का अवलोकन

पुलिस ने जांच में पाया कि जिन 18 सूने मकानों में चोरी हुई थी, उन सभी में एक ही पैटर्न में ताला तोड़ने के साथ अलमारी का लॉक तोड़ा गया था। इसके बाद पुलिस ने चोरी की घटना को सुलझाने जिन मकानों में चोरी हुई थी, उसके आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की पड़ताल की। पड़ताल में चोर अपने चेहरों पर नकाब बांधे मिले। सभी फूटेज में बदमाश एक ही कद काठी के दिखे। इसके बाद पुलिस ने पुराने चोरों की हिस्ट्री खंगाली और हाल के दिनों में जेल से छूटकर आए चोरों के बारे में ▶▶|शेष पेज 13 पर




अब विश्वविद्यालय देगा अनुमति, इसके बाद ही होंगे दाखिले

# मेरिट लिस्ट जारी होने के बाद उच्च शिक्षा विभाग का महाविद्यालयों को खत- खोल लीजिए नए कोर्स!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

उच्च शिक्षा विभाग की लेटलतीफी ने महाविद्यालयों को हलाकान कर दिया है। प्रदेशभर के महाविद्यालयों में प्रवेश की प्रथम सूची जारी हो चुकी है। दाखिले का पहला चरण पूर्ण होने के बाद उच्च शिक्षा विभाग ने महाविद्यालयों के लिए आदेश जारी कर उन पाठ्यक्रमों को लागू करने की अनुमति दे दी है, जिसके लिए उन्होंने आवेदन किया था। आवेदन करने वाले जिन महाविद्यालयों ▶▶|शेष पेज 13 पर

### उच्च शिक्षा विभाग की लेटलतीफी अब तक शुरू नहीं हुए हैं नए पाठ्यक्रम

### छात्र मिलना मुश्किल

विलंब से नवीन पाठ्यक्रम की घोषणा किए जाने पर पर्याप्त छात्र मिलना मुश्किल है। इसके अलावा फैकल्टी सहित अन्य तरह की व्यवस्थाएं भी महाविद्यालयों को करनी होंगी।

- डॉ. देवाशीष मुखर्जी
सचिव, निजी कॉलेज संघ



### अब आएगी विवि की टीम

उच्च शिक्षा विभाग द्वारा नवीन पाठ्यक्रम की अनुमति मिलने के बाद महाविद्यालयों द्वारा संबद्ध विश्वविद्यालय को नवीन पाठ्यक्रम मान्यता के लिए खत भेजा जाएगा। विश्वविद्यालयों की टीम निरीक्षण के लिए आएगी। इसके पश्चात विवि की विद्यापरिषद में प्रस्ताव रखा जाएगा। वहां से मंजूरी मिलने के बाद ही महाविद्यालय छात्रों को प्रवेश दे सकेंगे। पूरी प्रक्रिया में जुलाई अंत तक का समय वांछित है। इधर, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी प्रवेश मार्गदर्शिका में जुलाई अंत तक सभी चरण के प्रवेश पूर्ण करने कहा गया है। नवीन पाठ्यक्रमों के लिए अतिरिक्त समय उच्च शिक्षा विभाग तथा विश्वविद्यालयों को देना होगा।


ANANTRA MART™
A UNIT OF TIWARI BUILDCON & MAJISHA TRADERS
7%* TO 70%* OFF
ON MRP EVERYDAY
सब के लिए सब कुछ
अनंतरा मार्ट का दुबई ऑफर फिर से 2.0
₹1799* में कूपन पाओ और दुबई जाओ
यह स्कीम 16 अप्रैल 2025 से 15 नवम्बर 2025 तक
20 कुपन पर कुकर 2 लीटर
50 कुपन पर इंडेक्शन
75 कुपन पर मिक्चर ग्राईडर + 2 जार
100 कुपन पर ट्राली बैग 3 पीस सेट
200 कुपन पर कान्हा किसली 5 स्टार पैकेज
400 कुपन पर गोवा 3 नाईट
700 कुपन पर दुबई 3 नाईट
Come & Discover Something New & Exciting Offers With Us
Offer Valid Till 06th July to 14th July 25 for Limited Stock*
MONSOON MAHABACHAT Offer
अंतिम 3 दिन
SUGAR MRP ₹60 OUR PRICE ₹43
TOOR DAL REGULAR MRP ₹160 OUR PRICE ₹99
KAJU 500G MRP ₹560 OUR PRICE ₹419
BASMATI RICE MRP ₹110 OUR PRICE ₹71
SUNDER SAKHI AATA 5KG MRP ₹260 OUR PRICE ₹175
SOOPRLIFE REFIND SUNFLOWER OIL 1L MRP ₹168 OUR PRICE ₹129
SOOPRLIFE REFIND SUNFLOWER OIL 13KG MRP ₹2520 OUR PRICE ₹1999
MAGGI MASALA NOODLES 560G MRP ₹120 OUR PRICE ₹98
CLOSEUP TRIPLE FRESH TOOTH PEST 150GM+2 MRP ₹240 OUR PRICE ₹169
ODONIL NEEM AIRFRESH ENER 4 PACK 192GM MRP ₹220 OUR PRICE ₹110
FIAMA CELEBRATION PACK OF 3GEL BAR MRP ₹210 OUR PRICE ₹151
WAGH BAKRI NAVCHETAN TEA 1KG MRP ₹240 OUR PRICE ₹185
DOCTOR BLACK CACTUS SUPER PHENOL 450ML MRP ₹85 BUY 2 GET 1 FREE
THUMS UP/FENTA/ SPRITE 2LTR MRP ₹100 OUR PRICE ₹69
MEDIMIX HAND WASH 675 ML MRP ₹99 OUR PRICE ₹69
PIGEON HOT KETTLE 1.5 LTR MRP ₹1045 OUR PRICE ₹479
EVEREST MASALE UP TO 25%* OFF
DOMES STATIONERY UP TO 25%* OFF
DOOR MAT STARTING @ ₹25
PIGEON PRIME INDUCTION COOKTOP 1800 WT MRP ₹3195 OUR PRICE ₹1049
KURTIES MIX ₹300 ME 3PCS
LYCRA PENTS OUR PRICE ₹129
जगह एवं फेन्चाइजी की आवश्यकता है छत्तीसगढ़ में संपर्क करें :- 799 2799 220
गोल्डन टावर, बोरिया खुर्द, रायपुर, मो. 7880008071
जौहरी हॉस्पिटल, ग्राउंड फ्लोर, भाटागांव, रायपुर, मो. 7880008072
शैलेन्द्र नगर, कटोरा तालाब रोड, रायपुर, मो. 7880008073
लितिषा बिज़नस पार्क, रायपुर रोड, बेमेतरा, मो. 9689968941
Customer Care : 7992 7992 20
FREE HOME DELIVERY
*नियम एवं शर्तें लागू : सभी ऑफर्स सुचना के बिना बदलाव के अधीन हैं| ऑफर सस्टॉक रहने तक | दिखाये गये प्रोडक्ट्स के ग्राफ़िक्स केवल सांकेतिक मात्र हैं | ऑफर स्थान के अनुसार भिन्न हो सकते हैं | सभी मतभेद केवल रायपुर अदालत के अधिकार क्षेत्र के अधीन हैं |
सभी क्रेडिट, डेबिट कार्ड, एवं युपीआई से भुगतान स्वीकार किये जाते हैं |

**खबर संक्षेप**



## गणेशोत्सव की तैयारियां जोरों पर

आरंग। गणेशोत्सव की तैयारियां शुरू हो चुकी है। सभी मूर्तिकार गणेशजी की प्रतिमाओं को मूर्त रूप देने में लगे हैं। अगस्त में गणेशोत्सव मनाया जाएगा। इसकी तैयारियां दो माह पहले से ही शुरू हो जाती है, तब कहीं जाकर समय पर मूर्तियां बन पाती है। इन दिनों तामासिवनी के सुप्रसिद्ध मूर्तिकार हेमचंद साहू मूर्तियों को मूर्त रूप देने में लगे हैं। उन्होंने बताया इस बार बाजार में यूनीक पैटर्न गणेश मूर्ति की मांग अधिक है। गणेश समितियां अपने अपने पसंद के अनुसार मूर्ति बनाने आर्डर करते हैं।

## समोदा मे प्लेसमेंट कर्मचारी हड़ताल पर



आरंग। समोदा नगरीय निकाय मे कार्यरत प्लेसमेंट कर्मचारीयों का मार्च 2025 से वेतन नहीं मिलने के कारण समस्त प्लेसमेंट कर्मचारी हड़ताल मे चले गये है, जिससे सफाई, पानी, बिजली जैसी समस्त कार्य प्रभावित हो रही है, शासन के निर्देशानुसार हर माह कर्मचारियों को वेतन भुगतान किये जाने का निर्देश है किन्तु नगर पंचायत समोदा मे विगत 4 माह से वेतन नहीं मिलने के कारण परिवार का पालन पोषण मे समस्या हो रही है। उक्त सम्बन्ध मे अध्यक्ष नगर पंचायत समोदा, नायब तहसीलदार समोदा के समक्ष ज्ञापन दिया गया। नगर पंचायत समोदा प्लेसमेंट कर्मचारी अध्यक्ष शीतल पाड़े, रमेश मांडे, कुमारु मांडे, हेमलता निषाद, दिलीप घृतलहरे, खिलेश्वर साहू, हेमराम साहू, गिरवर साहू एवं समस्त प्लेसमेंट कर्मचारी उपस्थित रहे।

## धरसीवां सरपंच संघ की हुई बैठक में कामकाज पर चर्चा

सिलयारी। जनपद पंचायत धरसीवां के सरपंच संघ का बैठक आयोजित पंचायतों के कामकाज को लेकर विशेष इससे की गई। इस दौरान सरपंच संघ अध्यक्ष अरविन्द ठाकुर को रायपुर जिला सरपंच संघ के अध्यक्ष बनने पर सभी सरपंचों ने गुलदस्ता भेंट कर बधाई दी। इस मौके पर हिमाचल, साहिल , रामनाथ, झालेशवर , सुरेन्द्र , ईश्वर, चोवा श्रवण, विनय, रूखमणि, शारदा, सुरेखा, सुनीता, देगेश्वरी, महेश्वरी, पार्वती सभी सरपंच गण उपस्थित थे।

**वारदात : मुंह और नाक तब तक दबाए रखा जब तक उसके प्राण नहीं निकल गए**

# पंचायत छतौद में गर्भवती पत्नी की हत्या, आरोपी पति गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

■ अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाने में नेवरा पुलिस को मिली सफलता



तिल्दा ब्लॉक के समीपस्थ ग्राम पंचायत छतौद के वार्ड क्रमांक 8 में 22 वर्षीय सुरुज निर्मलकर (पति प्रदुम निर्मलकर) का उसके घर पर संदिग्ध अवस्था में शव मिला था। सुरुज निर्मलकर सात माह की गर्भवती भी थीं। नेवरा पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की और शुक्रवार को शव का पोस्टमार्टम करवाया। पुलिस ने मृतक महिला के पति पदुम निर्मलकर (पिता श्याम लाल निर्मलकर, 24 वर्ष, ग्राम छतौद निवासी) से कड़ाई से पूछताछ की। आरोपी पति ने अपना जुर्म कबूल करते हुए बताया कि उसने अपनी गर्भवती पत्नी को शारीरिक संबंध बनाने के लिए जोर दिया था। जब पत्नी ने मना किया, तो आरोपी ने उसका मुंह और नाक तब तक दबाए रखा जब तक उसके प्राण नहीं निकल गए। इसके बाद उसने घटना को छिपाने की कोशिश की। पुलिस ने आरोपी पदुम निर्मलकर को भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 103 (1) के तहत गिरफ्तार कर लिया है। इस अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाने में थाना प्रभारी रमाकांत तिवारी, एसआई देशमुख, एएसआई शंकर लाल वर्मा, अमिला नाग, पूजा वर्मा, और जालम सिंह आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## धरसींवा में तलवार लहराते दो युवक गिरफ्तार



धरसींवा। धरसींवा थाना पुलिस ने राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर सोनू ढाबा के पास तलवार लहराकर लोगों में दहशत फैलाने वाले दो युवकों को गिरफ्तार किया है। यह घटना धरसींवा क्षेत्र में असामाजिक तत्वों के बढ़ते दुस्साहस और कानून व्यवस्था के सामने खड़ी चुनौती को स्पष्ट करती है। गुरुवार को थाना धरसींवा के प्रधान आरक्षक परमेश पुरेना, आरक्षक भूपेन्द्र टण्डन और आरक्षक सत्येन्द्र प्रधान अपनी नियमित गश्त पर थे। तभी उन्हें मुखबिर से सूचना मिली कि सोनू ढाबा के पास दो युवक धारदार तलवारें लहराते हुए राहगीरों को डरा-धमाका रहे हैं। जानकारी के अनुसार, एक युवक काले रंग की शर्ट में तलवार और म्यान लिए था, जबकि दूसरा नीले-सफेद रंग की टी-शर्ट में तलवार लहराते हुए किसी यूनुस खान कौन है, कहाँ है उसे आज नहीं छोड़ेंगे जैसे धमकी भरे शब्द कह रहा था। थाना प्रभारी राजेंद्र दीवान के मार्गदर्शन और वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर, पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटनास्थल पर घेराबंदी की। पुलिस ने मौके से सोनू धुर्वे (22 वर्ष), निवासी थानखमरिया बेमेतरा और मोहम्मद सैफ (25 वर्ष), निवासी थानखमरिया, बेमेतरा को धर दबोचा। उनके कब्जे से एक-एक लोहे का धारदार तलवार और उसका म्यान जब्त किया गया। दोनों के खिलाफ थाना धरसींवा में अपराध क्रमांक 326/2025 और 327/2025, धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

# अभनपुर में मजबूत छत्तीसगढ़ अभियान, भूपेन्द्र ने किया करियर गाइडेंस का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर 'मजबूत छत्तीसगढ़' अभियान के तहत कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सामाजिक पहल के संस्थापक और सिविल इंजीनियर भूपेन्द्र शर्मा ने शिशु मंदिर अभनपुर में बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि डॉक्टर या इंजीनियर बनने की बेहतर सलाह वही दे सकता है जो स्वयं उस मार्ग पर चला हो। उन्होंने बताया कि आज का शुभारंभ इस अभियान का पहला कदम है, लेकिन उनका लक्ष्य इससे कहीं अधिक व्यापक है। भूपेन्द्र शर्मा के अनुसार, छत्तीसगढ़ को मजबूत दिशा देने के लिए हर वर्ग को प्रत्येक क्षेत्र में आत्मनिर्भर, जागरूक और सशक्त बनाना जरूरी है। कार्यक्रम में छात्रों को सही करियर चुनने, विभिन्न सरकारी व निजी स्कॉलरशिप के बारे में जानकारी देने और निःशुल्क तैयारी संसाधनों के बारे में बताया गया। इस दौरान एमबीबीएस, इंजीनियरिंग, नर्सिंग, डीएमएलटी, ओटी टेक्नीशियन जैसे विभिन्न प्रोफेशनल कोर्सों की विस्तृत जानकारी दी गई। संस्था के संस्थापक भूपेन्द्र शर्मा ने यह भी बताया कि आने वाले समय में उनकी संस्था स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण, स्किल डेवलपमेंट, श्रमिक कल्याण और ट्रांसजेंडर समुदाय के लिए गाइडेंस जैसे क्षेत्रों में भी सक्रिय रूप से कार्य करेगी। इस मौके पर डॉ. प्रणव वर्मा, डॉ. सुरभि वर्मा, हरिकृष्ण नाहक, पार्षद दीक्षा राठी, बोधी चंद्राकर, प्राचार्य रूपचंद साहू और शिक्षक किरण साहू, भुवनलाल निषाद, महेंद्र सपहा, तिकेंद्र साहू, अनुभा पटेल, जया साहू, दीप्ति साहू सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। यह पहल छात्रों के भविष्य को संवारने और उन्हें सही दिशा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

पेज 11 के शेष...

### आयुष विवि ने दोगुनी...

प्रदान की गई। महाविद्यालयों को 14 जुलाई तक छात्रों के आवेदन विवि को प्रेषित करने होंगे। नर्सिंग की पढ़ाई करने वाले अधिकतर विद्यार्थी आर्थिक रूप से कमजोर होते हैं। इन स्थितियों में उनके लिए बढ़ी हुई फीस आर्थिक बोझ साबित हो रही है।

### 10 हजार देने का...

जानकारी मिलने पर महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम ने छापा मारकर मजदूरों को फैक्ट्री मालिक के कब्जे से छुड़ाया था। बंधक मजदूरों को छुड़ाने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम के साथ श्रम विभाग की टीम शामिल थी। फैक्ट्री मालिक ने एक लेबर ठेकेदार के माध्यम से बिहार तथा उत्तरप्रदेश के मजदूरों को अपने यहां काम पर रखा था। मोजो मशरूम फैक्ट्री किसी राजेंद्र तिवारी की बताई जा रही है। फैक्ट्री में मजदूरों को बंधक बनाए जाने के आरोपों के बाद से फैक्ट्री प्रबंधन ने अब तक किसी प्रकार से अधिकृत बयान जारी नहीं किया है।

**मजदूरों को जाने का भाड़ा मिला**

मजदूरों को फैक्ट्री में लंबे अरसे तक बंधक बनाकर रखने वाले फैक्ट्री प्रबंधन की ओर से केवल एक व्यक्ति इंडोर स्टेडियम पहुंचा। स्टेडियम पहुंचने के बाद फैक्ट्री प्रबंधन से जुड़ा वह वयक्ति जिसने किसी को अपना परिचय नहीं बताया वह मजदूरों को उनकी वापसी के लिए 1000 से 1500 रुपए देते दिखा।

### अब पुरानी गाड़ी...

उनकी पसंद के नंबर को फिर से उपयोग में लाने का अवसर मिलेगा। यह निर्णय न केवल जनता की सुविधा बढ़ाएगा, बल्कि परिवहन विभाग की सेवाओं को और अधिक पारदर्शी और तकनीकी रूप से उन्नत बनाएगा।

### ऐसे मिलेंगे पुराने...

अदा कर संबंधित परिवहन कार्यालय से वही पंजीयन क्रमांक प्राप्त कर सकते हैं। यह सुविधा केवल नए वाहनों या अन्य राज्यों से लाए गए वाहनों पर लागू होगी। पहले से छत्तीसगढ़ में पंजीकृत वाहनों के लिए यह सुविधा मान्य नहीं होगी।

### गिरोह बनाकर...

विधानसभा, पंडरी, खम्हारडीह एवं डीडी नगर की आवासीय कालोनी को निशाना बनाकर चोरी की थी। चोरों के पकड़े जाने के बाद एफआईआर पिछले सप्ताह मुजगहन थाना क्षेत्र के काठाडीह तथा हाउसिंग बोर्ड कालोनी में रहने वाले अमर दीक्षित, खिलेंद्र साहू तथा विमल मिश्रा के सूने मकान में एक लाख रुपए से ज्यादा के सोने-चांदी के जेवर तथा नकदी की चोरी हुई थी। तब पुलिस ने पीड़ितों को चोरों को जल्द पकड़ने का आश्वासन देकर उनसे आवेदन लेकर एफआईआर दर्ज नहीं की थी। चोरों के पकड़े जाने पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है।

### सौ से ज्यादा...

जानकारी हासिल की। इसके बाद पुलिस ने चोरी के आरोप में पूर्व में जेल जा चुके भूपेन्द्र, करण तथा शुभांकर को हिरासत में लेकर पूछताछ की, तो उन लोगों ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर चोरी करने का अपराध कबूल किया।

### मेरिट लिस्ट जारी...

में उच्च शिक्षा विभाग ने पर्याप्त सुविधाएं अपनी जांच में पाई, उन्हें ही अनुमति दी गई है। जांच संबंधित यह प्रक्रिया बीते वर्ष जुलाई माह में हुई थी। एक साल बाद आदेश जारी होने के कारण निजी महाविद्यालयों में आक्रोश है। निजी महाविद्यालयों का कहना है कि प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ होने के पूर्व यदि नवीन पाठ्यक्रम प्रारंभ की अनुमति विभाग द्वारा प्रदान की जाती, तब छात्रों को फायदा होता। विद्यार्थी विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश ले चुके हैं और उसकी फीस भी भर चुके हैं। ऐसे में नवीन पाठ्यक्रम के लिए छात्र मिलना कठिन है। इसके अतिरिक्त महाविद्यालयों के पास इतना समय भी नहीं है कि इन पाठ्यक्रमों का प्रचार-प्रसार कर सकें।

# धरसींवा में शिक्षा का संकट, कांग्रेस नेताओं ने कलेक्टर से लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा



धरसींवा अंचल में शिक्षा व्यवस्था की बदहाली और विशेषकर स्कूलों में शिक्षकों की भारी कमी को लेकर स्थानीय कांग्रेस नेताओं ने आज रायपुर कलेक्टर से मुलाकात की। जिला कांग्रेस अध्यक्ष उधोराम वर्मा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर को विस्तृत जानकारी और संबंधित दस्तावेज सौंपते हुए तत्काल कार्रवाई की मांग की।

उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इस गंभीर समस्या का शीघ्र समाधान नहीं हुआ, तो वे जन आंदोलन करने को मजबूर होंगे। कांग्रेस नेताओं ने कलेक्टर को बताया कि धरसींवा ब्लॉक मुख्यालय के दाऊ पोषन लाल शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परसतराई में सीबीएसई इंग्लिश मीडियम स्कूल तो खोल दिया गया है, लेकिन आज तक कोई जिम्मेदार अधिकारी इसकी सुध लेने नहीं गया। स्कूल शिक्षकों की भारी कमी से जूझ रहा है।

### शैक्षिक नींव कमजोर पड़ रही

प्रतिनिधिमंडल ने इस बात पर भी जोर दिया कि पहले से संचालित शासकीय हिंदी मीडियम मिडिल स्कूल बंद कर दिए गए हैं, जिससे पांचवीं कक्षा के हिंदी माध्यम के बच्चे सीधे छठी कक्षा में अंग्रेजी मीडियम में पढ़ने को मजबूर हैं। यह अचानक माध्यम परिवर्तन छात्रों के लिए भारी असुविधा का कारण बन रहा है, जिससे उनकी शैक्षिक नींव कमजोर पड़ रही है और उनकी पढ़ाई बाधित हो रही है। बाद में, नौवीं कक्षा में उन्हें फिर हिंदी मीडियम में पढ़ना पड़ता है, जो उनकी सीखने की प्रक्रिया को और जटिल बनाता है। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्री उधोराम वर्मा ने कहा की बच्चों का भविष्य अंधकारमय हो रहा है क्योंकि उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा नहीं मिल पा रही है। उन्होंने अभिभावकों की चिंताओं को भी सामने रखा, जो अपने बच्चों के भविष्य को लेकर काफी चिंतित हैं।

**// आम सूचना //**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सेक्टर- 12 नवा रायपुर अटल नगर में स्थित भवन क्रमांक Jr. MIG Duplex (2BHK)-337, श्री चंद्रेश बहेरा पिता श्री शंकर लाल बहेरा, पता- गांव इमलीभाठा, महासमुंद जिला महासमुंद (छ.ग.) के नाम पर आबंटित है। आबंटी द्वारा पूर्ण राशि जमा कर रजिस्ट्री दिनांक 17.10.2023 को निष्पादित कर भवन का आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया गया है। वर्तमान में उक्त भवन को श्रीमती रूम्पा साना पति स्व. श्री प्रदीप कुमार साना निवासी - भगवानपुर, सरगुजा, राघवपुरी (छ.ग.) को विक्रय करना चाहते है।

अतः उक्त भवन क्रमांक Jr. MIG Duplex (2BHK) 337 के विक्रय के संबंध में किसी भी व्यक्ति, शासकीय व अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो आम सूचना प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्तिं मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करे। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा ।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**प्रक्षेत्र नवा रायपुर अटल नगर**

**नाम परिवर्तन**
**समक्ष श्रीमान पब्लिक नोटरी रायपुर (छ.ग.)**
**// शपथ-पत्र//**

मैं नरेन्द्र कुमार धुरंधर उम्र 50 वर्ष पिता उमराव सिंह धुरंधर निवासी-ग्राम कांदुल पो.-सुंदर नगर, जिला-रायपुर छ.ग. निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूँ:-
1. यह कि मैं संचालनालय भौमिकी तथा खनिकर्म विभाग में स्टोर कीपर के पद पर पदस्थ हूँ, जहाँ मेरा नाम नरेन्द्र कुमार दर्ज है।
2. यह कि मेरे पेन कार्ड, आधारकार्ड एवं अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम नरेन्द्र कुमार धुरंधर दर्ज है जो कि सत्य एवं सही है।
3. यह कि मैं अपने कार्यालय के दस्तावेजों में अपना पूरा नाम नरेन्द्र कुमार धुरंधर दर्ज किये जाने हेतु यह शपथ-पत्र प्रस्तुत कर रहा हूँ।

**शपथकर्ता**

**सत्यापन :-**
मैं उपरोक्त शपथकर्ता, सत्यापित करता हूँ कि इस शपथ-पत्र की कंडिका 1 से 3 में लिखी बाते सत्य है, अतः अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।

**शपथकर्ता**

# अभनपुर स्वास्थ्य केंद्र, 4 डॉक्टरों के तबादले से व्यवस्था चरमराई, जनता में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अभनपुर से एक साथ चार डॉक्टरों का स्थानांतरण होने से अस्पताल की व्यवस्था पर गहरा असर पड़ा है। इस मामले को लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधियों और आम जनता में शासन-प्रशासन के प्रति भारी आक्रोश पनप रहा है। नगर पालिका अध्यक्ष उतरसेन गहिरवारे, उपाध्यक्ष बलविंदर गांधी, जितेंद्र, नीलकमल गिलहरे, प्रदीप शर्मा आदि लोगों ने चर्चा करते हुए बताया कि नेशनल हाईवे से लगा यह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अभनपुर क्षेत्र के 150 से अधिक गांवों के लोगों का एकमात्र शासकीय अस्पताल है। यहाँ सड़क दुर्घटनाओं के शिकार पीड़ित भी पहुँचते हैं, ऐसे में इस अस्पताल में 24 घंटे डॉक्टरों की उपलब्धता अत्यंत आवश्यक है।

### बीएमओ डॉ. साहू के स्थानांतरण से विशेष नाराजगी

अभनपुर में पदस्थ बीएमओ डॉ. शारदा साहू के स्थानांतरण से स्थानीय लोगों में भारी नाराजगी और आक्रोश है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने बताया कि उनके बीएमओ कार्यकाल में अस्पताल की व्यवस्था में अमूलचूल परिवर्तन देखने को मिल रहा था। 24 घंटे जनता की सेवा में उपलब्ध रहने वाले डॉक्टर का बिना किसी ठोस कारण के स्थानांतरण होने से लोगों में खासी नाराजगी देखी जा रही है।

# परसकोल में किसानों को अरहर किट वितरित



आरंग। ग्राम पंचायत परसकोल में शुक्रवार को 25 कृषकों को निःशुल्क अरहर बीज किट का वितरण किया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत आरंग की कृषि स्थायी समिति के सदस्य प्रीतम कुमार साहू विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान उन्होंने पंचायत भवन परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया।साहू ने संबोधन में अधिकारियों को निर्देशित किया कि क्षेत्र के सभी ग्रामों में पात्र किसानों को समय पर अरहर बीज किट का वितरण सुनिश्चित किया जाए ताकि वे समय पर खेती प्रारंभ कर सकें। उन्होंने यह भी कहा कि शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी गांव-गांव पहुंचाई जाए और पात्र हितग्राहियों को इन योजनाओं का समुचित लाभ दिलवाया जाए। साहू जी ने आगे कहा कि कृषि के विकास में बीजों की गुणवत्ता और समय पर उपलब्धता बहुत जरूरी है। इस मौके पर सरपंच लक्ष्मी सोहन साहू कृषि अधिकारी आकाश शर्मा कर्मचारी, पंचायत प्रतिनिधि जीतेंन्द्र साहू, कन्हैय्या ध्रुव, लकेश बंजारे एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित 25 किसानों को बीज किट वितरित कर उनकी खेती की सफलता की कामना की गई।

**बिजनेस साइट**

## लहर पर सवार हों: मोमेंटम निवेश आपके रिटर्न को बढ़ाने की क्षमता रखता है

रायपुर। "मोमेंटम" शब्द किसी गतिशील वस्तु या किसी घटित घटना से प्राप्त होने वाले प्रोत्साहन को दर्शाता है। निवेश में, मोमेंटम एक ऐसी रणनीति है जिसका उद्देश्य वित्तीय बाजारों में प्राइस ट्रेंड्स या अर्निंग्स ट्रेंड्स की निरंतरता का लाभ उठाना है। यह इस विचार प्रक्रिया पर आधारित है कि "शेयर बाजारों में हाल के विजेता विजेता बने रहेंगे ।" इस प्रकार, मोमेंटम निवेश पर केंद्रित एक पोर्टफोलियो उन इक्विटीज का निवेश करेगा जिन्होंने हाल ही में मजबूत प्रदर्शन किया है और उन इक्विटीज से बाहर निकल जाएगा जो नकारात्मक ट्रेंड्स प्रदर्शित करती हैं ।

**मोमेंटम निवेश पर विचार करने के तीन प्रमुख कारण ये हैं:**

1) मोमेंटम निवेश आज के डिजिटल और ग्लोबलाइज्ड फाइनेंशियल इकोसिस्टम में विशेष रूप से प्रासंगिक है, जहां समाचार और जानकारी दूर-दूर तक फैलती हैं और निवेशकों की भावनाओं और प्राथमिकताओं को आकार देती हैं। जब कोई ट्रेंड स्पष्ट हो जाता है, तो अधिक से अधिक निवेशक उसमें शामिल होते हैं, जिसके कारण ट्रेंड्स मजबूत होते हैं और लंबे समय तक बने रहते हैं - जिससे निवेशकों को रिटर्न बढ़ाने के अवसर मिलते हैं। उदाहरण के लिए, कोविड महामारी के बाद से भारतीय फार्मा क्षेत्र में पिछले पांच वर्षों से आय में वृद्धि का रुझान देखा गया है।

2) निवेशकों में लाभ कमाने वाले निवेशों को जल्दी बेचने की प्रवृत्ति होती है क्योंकि उन्हें लाभ कमाने से चूकने का डर होता है और वे घाटे से बचने के लिए घाटे वाले निवेशों को लंबे समय तक अपने पास रखते हैं। यह मानवीय तौर पर पहले से स्थापित धारणा लॉन्गटर्म निवेश रिटर्न में बाधा डालता है। मोमेंटम रणनीतियां खरीद और बिक्री के निर्णयों से भावनाओं और पूर्वाग्रहों को दूर कर सकती हैं और फैक्टर-आधारित ओनरशिप मॉडल और फंडामेंटल एनालसिस का उपयोग करके ट्रेंड्स का कुशलतापूर्वक लाभ उठा सकती हैं ।

3) चूंकि मोमेंटम निवेश बाजार के रुझानों को समझने का प्रयास करता है, इसलिए यह उन शेयरों को खरीदता है जो कारगर हैं और जो पिछड़ रहे हैं उन्हें बेचता है, चाहे शेयर ग्रोथ, वैल्यू, गुणवत्ता या किसी अन्य फैक्टर के रूप में वर्गीकृत हों या नहीं। उदाहरण के लिए, 2020 में, मोमेंटम रणनीतियां ग्रोथ- ओरिएंटेड टेक्नोलॉजी शेयरों की ओर झुकी होंगी और 2023 में वे सार्वजनिक क्षेत्र की यूनिट्स के वैल्यू शेयरों को रखने को प्राथमिकता देंगी, इस प्रकार निवेश शैलियों में सहज और चतुराई से बदलाव होगा ।



रतन मोटवानी,
पार्टनर, मोटवानी फिनसर्व, रायपुर

हालांकि, रिटेल निवेशकों के लिए समाचारों पर प्रतिक्रिया देने वाले मोमेंटम- संचालित शेयरों की पहचान करना जटिल हो सकता है। इनके लिए गहन टेक्निकल और फंडामेंटल एनालसिस की आवश्यकता होती है । ऐसे समय में, प्रोफेशनल्स द्वारा प्रबंधित मोमेंटम- फोक्सड म्यूचुअल फंड्स एक सुविधाजनक सॉल्यूशंस के रूप में सामने आते हैं। यहां, आप आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एक्टिव मोमेंटम फंड में निवेश करने पर विचार कर सकते हैं, जो एक ओपन-एंडेड म्यूचुअल फंड है जो कमाई या प्राइस मोमेंटम के आधार पर शेयरों का चयन करता है। इस ऑफर का न्यू फंड ऑफर (एनएफओ) 8 जुलाई, 2025 से 22 जुलाई, 2025 तक निवेश के लिए खुला रहेगा ।

**// आमसूचना//**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने विक्रेता राजेश सावन सुखा पिता श्री रतन लाल सावन सुखा वैगरह निवासी व्यास गली मालवीय रोड रायपुर छ.ग. वालों की स्वामित्व एंव आधिपत्य की भूमि खसरा नंबरआबादी 673/2 पर बना दुकान रकबा 527 वर्गफीट वार्ड नं. 41 हे. / व.फू. भूमि वाके मौजा रायपुर खास प.ह.नं. 106 तहसील व जिला रायपुर में स्थित है को क्रय करने का पक्का सौदा कर अग्रीम राशी अदा कर दी गई है। बैनामा पंजीयन की कार्यवाही शेष है।

अतः उपरोक्त संपत्ति के सौदे में जिस किसी व्यक्ति, व्यक्तियों, बैंक, संस्था, निकाय, शासकीय, अर्द्धशासकीय विभाग को किसी भी प्रकार की ऊजर दावा आपत्ति हो तो मय दस्तावेज के इस सूचना प्रकाशन के 7 दिनों के भीतर अपना ऊजर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। बाद म्याद आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

सो सूचना जाने।

रायपुर
दिनांक 11/07/2025

**भवदीय**
**जे.एस. ठाकुर, सुनीता महोबिया**
**अधिवक्तागण**

HEALTH TOWN

निराकार मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
NMH Nirakar Multispeciality Hospital
24/7 Emergency Services
पैथोलॉजी लैब, मेडिकल एवं 24 घंटे आपातकालीन सेवा उपलब्ध
रखें आपके सेहत का ख्याल
ओपीडी 50% Off
0771-3133896 +91 6264070071, 9893299953
एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध
पुरानी बस्ती थाना के सामने, कंकाली पारा रोड, पुरानी बस्ती, रायपुर (छ.ग.) nirakarmaltispecialityhospital@gamil.com

आयुर्वेद संजीवनी क्लीनिक
सेक्स, नामर्द, नपुंसकता, स्वप्न दोष, शीघ्रपतन, वैवाहिक जीवन की कमजोरी, आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया इलाज, दवा की पहली खुराक से असर शुरू
त्वचा रोग, चर्म रोग, खाज-खुजली का आयुर्वेदिक इलाज
बवासीर, भगंदर का शर्तिया इलाज किया जाता है
डॉ. संजीव नवजीवन गृह निर्माण सहकारी समिति मर्या. गेट, धमतरी रोड, पचपेड़ी नाका, रायपुर 9770705718

रामकथा
आंख एवम् कान नाक गला अस्पताल
डॉ. संतोष जायसवाल
एम.बी.बी.एस., एम.एस.
(कान, नाक, गला रोग विशेषज्ञ)
मो. 70891-60782
कान से मवाद एवं परदे में छिद्र का दूरबीन पद्धति द्वारा ऑपरेशन
बैंक ऑफ़ बड़ौदा के सामने कर्मा धाम मंदिर गली बोरिया रोड संतोषी नगर रायपुर, फोन 0771-4001080

मेल इंफर्टीलिटी
शीघ्रपतन, लिंग में तनाव की कमी वीर्य की कमी, वेरीकोसील फायमोसिस का ईलाज
मेडिसीन शॉक वेव थैरेपी पी शॉट एवं सर्जरी द्वारा
डॉ. वैभव राज सिंह
एमबीबीएस एम.एस.- लेज़र व दूरबीन सर्जन
(MBBS, MS Surgery)
Laporoscopic Laser Surgeon
Call 9890716410
LASER PILES
लेजर पाईल्स क्योर
पाल्स, पिशर, फिस्टुला, वेरीकोस वेन्स, पाईलोनाईडल साइनस का लेजर द्वारा सर्जरी, 24 घंटे में छुट्टी, बिना चीरा सभी दूरबीन व लेजर सर्जरी
श्री राम शांति मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल दही हाण्डी मैदान के सामने, श्रीनगर, गुढ़ियारी, रायपुर

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### पचपेड़ी नाका चौक का नाम बदलने पर अहीर समाज ने जताई आपत्ति

**रायपुर।** श्री कृष्णा भगवान मंदिर अहीर समाज रायपुरा ट्रस्ट के महिला पदाधिकारी एवं सदस्यों ने पचपेड़ी नाका का नाम यथावत रखने ज़ोन क्रमांक -10 में आपत्ति दर्ज कराई है। उन्होंने कहा कि पचपेड़ी नाका सिर्फ नाम ही नहीं अस्मिता का प्रतीक है। इस दौरान अहीर समाज रायपुरा ट्रस्ट के अध्यक्ष करुणा यादव, सचिव निशा यादव, कोषाध्यक्ष वर्षा रितु यादव, सहसचिव त्रिवेणी यादव, संध्या यादव, सरोज यादव, दुर्गा यादव, चंचल यादव मीना यादव व कार्यकारणी सदस्यगण मौजूद थे।

## निधन

### अल्का व्यास

**रायपुर।** लालबाग हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी राजनांदगांव निवासी सेवानिवृत्त शिक्षिका अल्का व्यास (62) का 11 जुलाई को निधन हो गया।उनका अंतिम संस्कार 12 जुलाई को दोपहर 3 बजे किया जाएगा। वे वरिष्ठ पत्रकार राजेंद्र व्यास की धर्मपत्नी थीं।



### ज्योत्सना विंचुरकर

**रायपुर।** एसीसी कॉलोनी जामुल निवासी ज्योत्सना विंचुरकर 73 का 11 जुलाई को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 12 जुलाई को सुबह 11.30 बजे निवास स्थल से रामनगर भिलाई के लिए निकलेगी। वे तुषार विंचुरकर, शिल्पा देशपांडे और महाराष्ट्र मंडल रायपुर की आजीवन सभासद स्वाति मोड़क की माता थीं।



# खुफिया कैमरों से रेलवे में बढ़ती चोरियों पर लगेगा ब्रेक, कटनी में शुरू हुई निगरानी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

खास खबर

चलती ट्रेनों में यात्रियों से होने वाली छिनैती व चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए रेलवे ने नई व्यवस्था बनाई है। कटनी आउटर क्षेत्र में यात्रियों के सामान और मोबाइल फोन चोरी या फिर छीनकर भागने की घटनाएं लगातार बढ़ रही थीं। रायपुर से कटनी के बीच चलने वाली ट्रेनों में यात्रियों के सामान चोरी के मामले भी सामने आ चुके हैं। अब घटनाओं को रोकने के लिए रेल प्रशासन ने अब सतर्कता बढ़ा दी है।

कटनी-सतना रेलमार्ग पर चोरी पर नियंत्रण पाने के लिए आधुनिक निगरानी तंत्र तैयार किया गया है। इसके तहत कटनी से लेकर सतना आउटर तक के रेलखंड में स्टैंड अलोन सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। ये कैमरे 24 घंटे निगरानी रखेंगे और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर बनाए रखेंगे। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि इन कैमरों से ट्रेनों की सुरक्षा व्यवस्था और मजबूत की जा सकेगी। साथ ही, किसी भी आपराधिक घटना के बाद फूटेज के माध्यम से अपराधियों की पहचान करना आसान होगा।

### आरपीएफ तक पहुंचेगी लाइव रिकॉर्डिंग

रेलखंड में स्थापित किए गए सीसीटीवी कैमरे सौर ऊर्जा से संचालित होंगे। यह सीसीटीवी कैमरे चौबीस घंटे काम करेंगे। जीवंत दृश्य के साथ ही श्रव्य भी रिकार्ड करेंगे। इन सीसीटीवी कैमरों को पश्चिम मध्य रेल मुख्यालय के नियंत्रण कक्ष से जोड़ा गया है। संबंधित क्षेत्र के रेल सुरक्षा बल पोस्ट तक भी इन सीसीटीवी कैमरों की लाइव रिकॉर्डिंग पहुंचेगी। पश्चिम मध्य रेल की इस पहल ने संवेदनशील खंड में निवारक निगरानी और खुफिया-आधारित पुलिसिंग को काफी मजबूत किया है। कैमरों की निगरानी में अब दोनों स्टेशनों के यार्ड क्षेत्र भी शामिल रहेंगे। अक्सर स्टेशन पर प्लेटफॉर्म की उपलब्धता न होने के कारण कई ट्रेनें यार्ड में खड़ी की जाती हैं। ऐसे में चोरी और छीनाझपटी जैसी घटनाओं को अंजाम देने वाले आरोपी ट्रेन के धीमा होने या रुकने पर यार्ड क्षेत्र में उतरकर फरार हो जाते हैं, जो अब पकड़े जाएंगे।



- कटनी आउटर पर लगातार हो रही घटनाओं को देखते हुए रेलवे ने उठाया सख्त कदम
- रायपुर से कटनी के बीच चलने वाली ट्रेनों में यात्रियों के सामान चोरी की सामने आ चुकी हैं घटनाएं

### असामाजिक तत्वों की गतिविधियों की तुरंत मिलेगी सूचना

निरंतर हो रही घटनाओं के कारण जबलपुर रेल मंडल के अंतर्गत आने वाला कटनी-सतना रेलखंड अब संवेदनशील क्षेत्र बन गया है। इस स्थिति को देखते हुए इस रेलमार्ग पर सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी का निर्णय लिया गया है। इससे ट्रैक के आसपास की असामान्य गतिविधियों और ट्रेन के निकट असामाजिक तत्वों की हलचल की जानकारी तत्काल मिल सकेगी। पथराव और यात्रियों के सामान चोरी जैसे मामलों में आरोपियों की पहचान में सहायता मिलेगी। इस निगरानी व्यवस्था से रेलमार्ग और ट्रेनों की सुरक्षा व्यवस्था और भी मजबूत होगी। रेलवे ने संकेत दिया है कि यह नई प्रणाली अन्य रेलखंडों में भी लागू की जाएगी।

## रोग जनित बैक्टीरिया युक्त पेयजल के उपयोग से बचाने पहल

# वाटर पंप और हैंडपंप प्लेटफार्म का निगम करवा रहा मेंटेनेंस, रोज 250 से ज्यादा सैंपल की जांच

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

वाटर पंप और हैंडपंप के पानी का इस्तेमाल करने वाले लोगों को जल जनित रोगों से बचाने के लिए अब निगम ने पेयजल स्त्रोतों की टेस्टिंग को अभियान का हिस्सा बनाया है। लोगों की सेहत की परवाह करते हुए मोटर पंपों और हैंड पंपों के पानी को जांचते हुए एक्सपर्ट प्लेटफार्म का मेंटनेंस करवा रहे हैं। ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव भी करवा रहे हैं। अच्छा संकेत यह है कि पहले और दूसरे चरण की जांच में एक भी जल स्त्रोत का पानी दूषित नहीं मिला है।

रायपुर निगम ने गर्मी के दिनों में पेयजल स्त्रोतों की जांच में पाए गए रोग जनित बैक्टीरिया की शिकायत को देखते हुए 25 जून से ही जल स्त्रोतों की जांच करने सभी जोन में पहल शुरू की है। इस कड़ी में हर दिन पेयजल स्त्रोतों की अलग-अलग क्षेत्र में रोज 10 से 12 स्पाट की जांच करने टीमें पहुंच रही हैं। निगम के पेयजल प्रदाय विभाग से जुड़े कार्यपालन अभियंता नरसिंह फरेन्द्र के मार्गदर्शन में हर जोन में पेयजल के शुद्धिकरण को लेकर मुहिम चलाई जा रही है। उन्होंने बताया कि अभी दूसरे चरण में प्राथमिक जांच का सिलसिला चल रहा है। इसके लिए हर जोन में तीन-तीन कर्मचारियों की टीम बनाई गई है। उनके काम की मानीटरिंग के साथ ही जिन सार्वजनिक जल स्त्रोतों के सीमेंटेड प्लेटफार्म टूटे हुए मिल रहे हैं। उनका मेंटेनेंस करवाने की प्रक्रिया भी अपनाई जा रही है।

### टेस्टिंग में नहीं मिले अशुद्ध जल स्त्रोत







### लैब में रोज 250 से ज्यादा सैंपल की जांच

वाटर ट्रीटमेंट प्लांट भाठागांव में घरों तक नल के माध्यम से दी जाने वाली आपूर्ति के साथ सभी 10 जोन में पेयजल आपूर्ति के लिए मौजूद 2300 पावर पंप के साथ ही 700 हैंडपंप की जांच लगभग पूरी हो गई।इसमें शहर के किसी भी वार्ड में एक भी ऐसा जल स्रोत नहीं मिला है, जिसका पानी पीने लायक नहीं है।हर दिन 250 से ज्यादा स्थानों से लिए गए सैंपल को प्राथमिक जांच का हिस्सा बनाने के साथ टेस्टिंग की रिपोर्ट का समायोजन किया जाता है।

### फैक्ट फाइल

- 30 कर्मचारी-अधिकारी लेते हैं 10 जोन में सैंपल
- 250 से ज्यादा सैंपल की हर दिन प्राथमिक जांच
- 25 से ज्यादा पावरपंप और हैंडपंप का मेंटेनेंस
- 15 लाख से ज्यादा लोगों को बचाने पहल
- 2300 पावर पंप और 700 हैंडपंप का सर्वे

### जल जनित रोगों से बचाने रोकथाम

गर्मी मे दूषित जल की शिकायत को देखते हुए बरसात शुरू होने से पहले ही जल जनित बैक्टीरिया से होने वाली बीमारियों से बचाने के लिए जोन स्तर पर रोकथाम जारी है। अभी तक एक भी जल स्रोत का पानी टेस्टिंग में अशुद्ध नहीं मिला है।

**- विनोद कुमार पांडेय,** अपर आयुक्त नगर निगम, रायपुर

### रोज जल आपूर्ति से पहले प्लांट में ट्रीटमेंट

अशुद्ध या दूषित पानी को और अधिक कीटाणु रहित बनाने के लिए क्लोरीन का उपयोग किया जाता है। जो रोग जनक सूक्ष्म जीवों को नस्ट करने में मदद करता है। शेष क्लोरीन को अवशिष्ट क्लोरीन के रूप में जाना जाता है, जो दैनिक जल आपूर्ति प्रक्रिया से गुजरता है। इसके लिए ट्रीटमेंट प्लांट के पास ही दो लैब बनाए गए हैं। समय-समय पर पेयजल का सैंपल जांच लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी से भी करवाया जाता है, ताकि शुद्ध पानी लोगों को मिले।

### टूट-फूट को सीमेंटेड करवाने रहे अफसर

निगम ने मुख्यालय के स्वास्थ्य विभाग और जल प्रदाय से जुड़े जिम्मेदारी की संयुक्त टीम हर जोन में बनाई है। इनके जांच दल में पावर पंप और हैंडपंपों के पास बनवाए गए सीमेंटेड प्लेटफार्म के टूट-फूट को मेंटेनेंस किया जा रहा है। अभी तक तीन सौ से ज्यादा सीमेंटेड प्लेटफार्म का सुधार भी करवाया गया है। इससे जल स्रोतों के पास दूषित पानी के जमाव वाले स्पाट को भी खत्म किया जा रहा है, ताकि डेंगू के संक्रमण से लोगों को बचाया जा सके।

# प्रमोटर्स, डेवलपर्स ने बुजुर्ग तथा महिला की 60 हजार वर्गफीट जमीन को अपना बताकर बंधक बनाया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

- भूमि डेवलप करने का झांसा देकर जालसाजों ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर जमीन को अपना बताया

आजाद चौक थाना में एक 61 साल के बुजुर्ग ने पुरंदर प्रमोटर्स एवं डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर मुकेश तथा सुरेश अग्रवाल के खिलाफ ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। बुजुर्ग ने आरोप लगाया है कि पुरंदर प्रमोटर्स के डायरेक्टर ने सड्डू स्थित 60 हजार वर्गफीट जमीन के फर्जी दस्तावेज तैयार कर अपने नाम कर लिया और नगर निगम में बंधक बनाकर ठगी की है। चौबे कालोनी निवासी बुजर्ग के अनुसार उनके तथा एक महिला के नाम से सड्डू में जो जमीन थी, उस जमीन को मुकेश तथा सुरेश ने डेवलप करने का झांसा देकर वर्ष 2017 में दस्तावेज तैयार किया। इसके एवज में मुकेश तथा सुरेश ने बुजुर्ग तथा महिला को पौने तीन करोड़ रुपए दिए। किसी प्रकार का डेवलप नहीं होने पर महिला तथा बुजुर्ग ने मुकेश तथा सुरेश को उनके दिए पैसे वर्ष 2021 में लौटा दिए। पैसा लौटाने के बाद पूर्व में की गई दस्तावेजी कार्रवाई के आधार पर सुरेश तथा मुकेश अग्रवाल ने उस जमीन को अपना बताते हुए नगर निगम में बंधक बनाकर बुजुर्ग तथा महिला के साथ ठगी की।

# 1.5 लाख रुपए में कृषि विवि में सीट का ऑफर, जांच की मांग पर अड़े विद्यार्थी

**रायपुर ।** नवीन शैक्षणिक सत्र प्रारंभ होने के साथ कृषि विवि नए तरह के विवाद में पड़ गया है। इस बार मामला प्रवेश के लिए छात्रों से पैसे वसूलने का है। एक ऑडियो क्लिप छात्रों के व्हॉट्सऐप ग्रुप सहित अन्य सोशल साइट्स में वायरल हो रहा है, जिसमें एक व्यक्ति छात्र को 1.50 लाख प्रदान करने पर सरकारी कृषि महाविद्यालय में सीट कन्फर्म करवाने की बात कह रहा है। छात्रों ने इस व्यक्ति की तत्काल जांच की मांग की है। छात्रों ने कहा, चाहे वह व्यक्ति विश्वविद्यालय से जुड़ा हो या बाहरी दलाल, कड़ाई से जांच की जानी चाहिए। यदि यह व्यक्ति फ्रॉड है, तब भी उस पर कानूनी कार्रवाई की जाए। अगर इस पूरे खेल में कोई अधिकारी या कर्मचारी शामिल है, तो उसकी भी गंभीरता से जांच की जाए और सख्त कार्रवाई हो।

**छात्रों ने दिए ऑडियो :** छात्रों ने एनएसयूआई के नेतृत्व में यह मांग उठाई। जिला सचिव शुभम शर्मा ने कहा, डीन एवं कुलपति से मुलाकात कर शिकायत पत्र सौंपा गया है। सीट बेचने की इस तरह की घटना न केवल शिक्षा व्यवस्था की गरिमा के खिलाफ है, बल्कि मेहनती विद्यार्थियों के अधिकारों का खुला अपमान है। डीन ने छात्रों को आश्वस्त किया कि वे इस पूरे मामले को गंभीरता से ले रही हैं और उचित कार्रवाई की जाएगी। एनएसयूआई द्वारा ऑडियो एवं अन्य सबूतों के साथ शिकायत दर्ज की गई है।

## पेज 11 के शेष ...

### आयुष विवि ने दोगुनी...

प्रदान की गई। महाविद्यालयों को 14 जुलाई तक छात्रों के आवेदन विवि को प्रेषित करने होंगे। नर्सिंग की पढ़ाई करने वाले अधिकतर विद्यार्थी आर्थिक रूप से कमजोर होते हैं। इन स्थितियों में उनके लिए बढ़ी हुई फीस आर्थिक बोझ साबित हो रही है।

### 10 हजार देने का...

जानकारी मिलने पर महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम ने छापा मारकर मजदूरों को फैक्ट्री मालिक के कब्जे से छुड़ाया था। बंधक मजदूरों को छुड़ाने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम के साथ श्रम विभाग की टीम शामिल थी। फैक्ट्री मालिक ने एक लेबर ठेकेदार के माध्यम से बिहार तथा उत्तरप्रदेश के मजदूरों को अपने यहां काम पर रखा था। मोजो मशरूम फैक्ट्री किसी राजेंद्र तिवारी की बताई जा रही है। फैक्ट्री में मजदूरों को बंधक बनाए जाने के आरोपों के बाद से फैक्ट्री प्रबंधन ने अब तक किसी प्रकार से अधिकृत बयान जारी नहीं किया है।

**मजदूरों को जाने का भाड़ा मिला :** मजदूरों को फैक्ट्री में लंबे अरसे तक बंधक बनाकर रखने वाले फैक्ट्री प्रबंधन की ओर से केवल एक व्यक्ति इंडोर स्टेडियम पहुंचा। स्टेडियम पहुंचने के बाद फैक्ट्री प्रबंधन से जुड़ा वह वयक्ति जिसने किसी को अपना परिचय नहीं बताया वह मजदूरों को उनकी वापसी के लिए 1000 से 1500 रुपए देते दिखा।

### अब पुरानी गाड़ी...

उनकी पसंद के नंबर को फिर से उपयोग में लाने का अवसर मिलेगा। यह निर्णय न केवल जनता की सुविधा बढ़ाएगा, बल्कि परिवहन विभाग की सेवाओं को और अधिक पारदर्शी और तकनीकी रूप से उन्नत बनाएगा।

### ऐसे मिलेंगे पुराने...

अदा कर संबंधित परिवहन कार्यालय से वही पंजीयन क्रमांक प्राप्त कर सकते हैं। यह सुविधा केवल नए वाहनों या अन्य राज्यों से लाए गए वाहनों पर लागू होगी। पहले से छत्तीसगढ़ में पंजीकृत वाहनों के लिए यह सुविधा मान्य नहीं होगी।

### गिरोह बनाकर...

विधानसभा, पंडरी, खम्हारडीह एवं डीडी नगर की आवासीय कालोनी को निशाना बनाकर चोरी की थी।

**चोरों के पकड़े जाने के बाद एफआईआर :** पिछले सप्ताह मुजगहन थाना क्षेत्र के काठाडीह तथा हाउसिंग बोर्ड कालोनी में रहने वाले अमर दीक्षित, खिलेंद्र साहू तथा विमल मिश्रा के सूने मकान में एक लाख रुपए से ज्यादा के सोने-चांदी के जेवर तथा नकदी की चोरी हुई थी। तब पुलिस ने पीड़ितों को चोरों को जल्द पकड़ने का आश्वासन देकर उनसे आवेदन लेकर एफआईआर दर्ज नहीं की थी। चोरों के पकड़े जाने पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है।

### सौ से ज्यादा...

जानकारी हासिल की। इसके बाद पुलिस ने चोरी के आरोप में पूर्व में जेल जा चुके भूपेन्द्र, करण तथा शुभांकर को हिरासत में लेकर पूछताछ की, तो उन लोगों ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर चोरी करने का अपराध कबूल किया।

### मेरिट लिस्ट जारी...

में उच्च शिक्षा विभाग ने पर्याप्त सुविधाएं अपनी जांच में पाई, उन्हें ही अनुमति दी गई है। जांच संबंधित यह प्रक्रिया बीते वर्ष जुलाई माह में हुई थी। एक साल बाद आदेश जारी होने के कारण निजी महाविद्यालयों में आक्रोश है। निजी महाविद्यालयों का कहना है कि प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ होने के पूर्व यदि नवीन पाठ्यक्रम प्रारंभ की अनुमति विभाग द्वारा प्रदान की जाती, तब छात्रों को फायदा होता। विद्यार्थी विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश ले चुके हैं और उसकी फीस भी भर चुके हैं। ऐसे में नवीन पाठ्यक्रम के लिए छात्र मिलना कठिन है। इसके अतिरिक्त महाविद्यालयों के पास इतना समय भी नहीं है कि इन पाठ्यक्रमों का प्रचार-प्रसार कर सकें।

**// आम सूचना //**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सेक्टर- 12 नवा रायपुर अटल नगर में स्थित भवन क्रमांक Jr. MIG Duplex (2BHK)-337, श्री चंद्रेश बहेरा पिता श्री शंकर लाल बहेरा, पता- गांव इमलीभाठा, महासमुंद जिला महासमुंद (छ.ग.) के नाम पर आबंटित है। आबंटी द्वारा पूर्ण राशि जमा कर रजिस्ट्री दिनांक 17.10.2023 को निष्पादित कर भवन का आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया गया है। वर्तमान में उक्त भवन को श्रीमती रूम्पा साना पति स्व. श्री प्रदीप कुमार साना निवासी - भगवानपुर, सरगुजा, राघवपुरी (छ.ग.) को विक्रय करना चाहते है।

अतः उक्त भवन क्रमांक Jr. MIG Duplex (2BHK) 337 के विक्रय के संबंध में किसी भी व्यक्ति, शासकीय व अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो आम सूचना प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्तिं मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करे। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा ।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**प्रक्षेत्र नवा रायपुर अटल नगर**

**नाम परिवर्तन**
**समक्ष श्रीमान पब्लिक नोटरी रायपुर (छ.ग.)**
**// शपथ-पत्र//**

मैं नरेन्द्र कुमार धुरंधर उम्र 50 वर्ष पिता उमराव सिंह धुरंधर निवासी-ग्राम कांदुल पो.-सुंदर नगर, जिला-रायपुर छ.ग. निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूँ:-
1. यह कि मैं संचालनालय भौमिकी तथा खनिकर्म विभाग में स्टोर कीपर के पद पर पदस्थ हूँ, जहाँ मेरा नाम नरेन्द्र कुमार दर्ज है।
2. यह कि मेरे पेन कार्ड, आधारकार्ड एवं अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम नरेन्द्र कुमार धुरंधर दर्ज है जो कि सत्य एवं सही है।
3. यह कि मैं अपने कार्यालय के दस्तावेजों में अपना पूरा नाम नरेन्द्र कुमार धुरंधर दर्ज किये जाने हेतु यह शपथ-पत्र प्रस्तुत कर रहा हूँ।

**शपथकर्ता**

**सत्यापन :-**
मैं उपरोक्त शपथकर्ता, सत्यापित करता हूँ कि इस शपथ-पत्र की कंडिका 1 से 3 में लिखी बाते सत्य है, अतः अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।

**शपथकर्ता**

# सूदखोर तोमर भाइयों ने मुरुम कारोबारी से दो लाख कर्ज के बदले वसूले 30 लाख

- तोमर भाई और उनके गुर्गों के खिलाफ पुरानी बस्ती थाना में एक्सटार्शन, धमकी देने का अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

सूदखोर तोमर भाइयों के खिलाफ जबरन वसूली सहित धमकी देने, मारपीट की रिपोर्ट कराने वाले लोगों की फेहरिस्त दिनों दिन बढ़ती जा रही है। पुरानी बस्ती थाने में पेशे से मुरुम, गिट्टी सप्लाई करने का काम करने वाले कोरोबारी ने अवैध वसूली तथा धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

कोबारी ने शिकायत दर्ज कराई है कि दो लाख कर्ज के बदले तोमर भाई तथा उसके गुर्गों ने उससे 30 लाख वसूल कर और पैसों की डिमांड की और पैसा नहीं देने पर जान से मारने की धमकी के साथ संपत्ति कब्जा करने की धमकी दी है। भोपाल मणि साहू ने वीरेंद्र, रोहित तोमर के साथ भतीजा दिव्यांश तोमर, आकाश, योगेश सिन्हा तथा अन्य के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। भोपाल मणि ने पुलिस को बताया है कि कारोबार को बढ़ाने पैसों की जरूरत पड़ने पर उसने अपने ममेरा भाई के कहने पर 14 दिसंबर 2022 को तोमर भाइयों से तीन प्रतिशत ब्याज पर कर्ज लिया। कर्ज लेने के समय तोमर भाइयों ने एक कोरा स्टांप में भोपाल मणि का हस्ताक्षर कराकर अपने पास रख लिया।

### कर्ज लेने के बाद प्रताड़ित

भोपाल मणि के अनुसार कर्ज लेने के कुछ दिन बाद ही तोमर भाई के गुर्गे भोपाल मणि के घर पहुंचकर कर्ज की राशि लौटान दबाव बनाने लगे। साथ ही समय पर कर्ज की राशि नहीं लौटाने का आरोप लगाते हुए गुर्गे भोपाल मणि के साथ गाली-गलौज धमकी देने के साथ मनमाना ब्याज वसूलने लगे। भोपाल मणि के अनुसार एक समय के बाद तोमर के गुर्गे रोज उसके घर पहुंच कर दिन, सप्ताह तथा महीने के हिसाब से ब्याज वसूल कर ले जाते थे।


सूदखोर तोमर भाई कर्जदारों से दैनिक और साप्ताहिक के साथ मासिक उगाही करते थे

- दो माह के भीतर सूदखोर भाइयों के खिलाफ सातवीं एफआईआर

### घर के जेवर और संपति बेचनी पड़ी

तोमर भाइयों ने भोपाल मणि को इस बुरी कदर से परेशान किया कि उसे उनका कर्ज लौटाने अपने घर की महिलाओं के जेवर बेचने के साथ अन्य संपत्तियां तक बेचनी पड़ी। बावजूद इसके तोमर के गुर्गे भोपाल मणि से पैसों की मांग करते रहे। पैसा नहीं देने पर तोमर के गुर्गे भोपाल मणि को घर की महिलाओं के सामने बेइज्जत करने के साथ गाली-गलौज करते थे। इसके अलावा भोपाल मणि को जबरन उठाकर अपने भाठागांव स्थित मकान में बंधक बनाकर ले आते थे।

## बिजनेस साइट

# लहर पर सवार हों: मोमेंटम निवेश आपके रिटर्न को बढ़ाने की क्षमता रखता है


**रायपुर।** "मोमेंटम" शब्द किसी गतिशील वस्तु या किसी घटित घटना से प्राप्त होने वाले प्रोत्साहन को दर्शाता है। निवेश में, मोमेंटम एक ऐसी रणनीति है जिसका उद्देश्य वित्तीय बाजारों में प्राइस ट्रेंड्स या अर्निंग्स ट्रेंड्स की निरंतरता का लाभ उठाना है। यह इस विचार प्रक्रिया पर आधारित है कि "शेयर बाजारों में हाल के विजेता विजेता बने रहेंगे ।" इस प्रकार, मोमेंटम निवेश पर केंद्रित एक पोर्टफोलियो उन इक्विटीज का निवेश करेगा जिन्होंने हाल ही में मजबूत प्रदर्शन किया है और उन इक्विटीज से बाहर निकल जाएगा जो नकारात्मक ट्रेंड्स प्रदर्शित करती हैं ।

**मोमेंटम निवेश पर विचार करने के तीन प्रमुख कारण ये हैं:**

1) मोमेंटम निवेश आज के डिजिटल और ग्लोबलाइज्ड फाइनेंशियल इकोसिस्टम में विशेष रूप से प्रासंगिक है, जहां समाचार और जानकारी दूर-दूर तक फैलती हैं और निवेशकों की भावनाओं और प्राथमिकताओं को आकार देती हैं। जब कोई ट्रेंड स्पष्ट हो जाता है, तो अधिक से अधिक निवेशक उसमें शामिल होते हैं, जिसके कारण ट्रेंड्स मजबूत होते हैं और लंबे समय तक बने रहते हैं - जिससे निवेशकों को रिटर्न बढ़ाने के अवसर मिलते हैं। उदाहरण के लिए, कोविड महामारी के बाद से भारतीय फार्मा क्षेत्र में पिछले पांच वर्षों से आय में वृद्धि का रुझान देखा गया है।

2) निवेशकों में लाभ कमाने वाले निवेशों को जल्दी बेचने की प्रवृत्ति होती है क्योंकि उन्हें लाभ कमाने से चूकने का डर होता है और वे घाटे से बचने के लिए घाटे वाले निवेशों को लंबे समय तक अपने पास रखते हैं। यह मानवीय तौर पर पहले से स्थापित धारणा लॉन्गटर्म निवेश रिटर्न में बाधा डालता है। मोमेंटम रणनीतियां खरीद और बिक्री के निर्णयों से भावनाओं और पूर्वाग्रहों को दूर कर सकती हैं और फैक्टर-आधारित ओनरशिप मॉडल और फंडामेंटल एनालसिस का उपयोग करके ट्रेंड्स का कुशलतापूर्वक लाभ उठा सकती हैं ।

3) चूंकि मोमेंटम निवेश बाजार के रुझानों को समझने का प्रयास करता है, इसलिए यह उन शेयरों को खरीदता है जो कारगर हैं और जो पिछड़ रहे हैं उन्हें बेचता है, चाहे शेयर ग्रोथ, वैल्यू, गुणवत्ता या किसी अन्य फैक्टर के रूप में वर्गीकृत हों या नहीं। उदाहरण के लिए, 2020 में, मोमेंटम रणनीतियां ग्रोथ- ओरिएंटेड टेक्नोलॉजी शेयरों की ओर झुकी होंगी और 2023 में वे सार्वजनिक क्षेत्र की यूनिट्स के वैल्यू शेयरों को रखने को प्राथमिकता देंगी, इस प्रकार निवेश शैलियों में सहज और चतुराई से बदलाव होगा ।


**रतन मोटवानी,**
**पार्टनर, मोटवानी फिनसर्व, रायपुर**

हालांकि, रिटेल निवेशकों के लिए समाचारों पर प्रतिक्रिया देने वाले मोमेंटम- संचालित शेयरों की पहचान करना जटिल हो सकता है। इनके लिए गहन टेक्निकल और फंडामेंटल एनालसिस की आवश्यकता होती है । ऐसे समय में, प्रोफेशनल्स द्वारा प्रबंधित मोमेंटम- फोक्सड म्यूचुअल फंड्स एक सुविधाजनक सॉल्यूशंस के रूप में सामने आते हैं। यहां, आप आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एक्टिव मोमेंटम फंड में निवेश करने पर विचार कर सकते हैं, जो एक ओपन-एंडेड म्यूचुअल फंड है जो कमाई या प्राइस मोमेंटम के आधार पर शेयरों का चयन करता है। इस ऑफर का न्यू फंड ऑफर (एनएफओ) 8 जुलाई, 2025 से 22 जुलाई, 2025 तक निवेश के लिए खुला रहेगा ।

**// आमसूचना//**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने विक्रेता राजेश सावन सुखा पिता श्री रतन लाल सावन सुखा वैगरह निवासी व्यास गली मालवीय रोड रायपुर छ.ग. वालों की स्वामित्व एंव आधिपत्य की भूमि खसरा नंबरआबादी 673/2 पर बना दुकान रकबा 527 वर्गफीट वार्ड नं. 41 हे. / व.फू. भूमि वाके मौजा रायपुर खास प.ह.नं. 106 तहसील व जिला रायपुर में स्थित है को क्रय करने का पक्का सौदा कर अग्रीम राशी अदा कर दी गई है। बैनामा पंजीयन की कार्यवाही शेष है।

अतः उपरोक्त संपत्ति के सौदे में जिस किसी व्यक्ति, व्यक्तियों, बैंक, संस्था, निकाय, शासकीय, अर्द्धशासकीय विभाग को किसी भी प्रकार की ऊजर दावा आपत्ति हो तो मय दस्तावेज के इस सूचना प्रकाशन के 7 दिनों के भीतर अपना ऊजर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। बाद म्याद आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

सो सूचना जाने।

रायपुर
दिनांक 11/07/2025

**भवदीय**
**जे.एस. ठाकुर, सुनीता महोबिया**
**अधिवक्तागण**

HEALTH TOWN

निराकार मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
NMH
24/7 Emergency Services
पैथोलॉजी लैब, मेडिकल एवं 24 घंटे आपातकालीन सेवा उपलब्ध
रखें आपके सेहत का ख्याल
ओपीडी 50% Off
0771-3133896 +91 6264070071, 9893299953
एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध
पुरानी बस्ती थाना के सामने, कंकाली पारा रोड, पुरानी बस्ती, रायपुर (छ.ग.) nirakarmaltispecialityhospital@gamil.com

आयुर्वेद संजीवनी क्लीनिक
सेक्स, नामर्द, नपुंसकता, स्वप्न दोष, शीघ्रपतन, वैवाहिक जीवन की कमजोरी, आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया इलाज, दवा की पहली खुराक से असर शुरू
त्वचा रोग, चर्म रोग, खाज-खुजली का आयुर्वेदिक इलाज
बवासीर, भगंदर का शर्तिया इलाज किया जाता है
डॉ. संजीव नवजीवन गृह निर्माण सहकारी समिति मर्या. गेट, धमतरी रोड, पचपेड़ी नाका, रायपुर 9770705718

रामकथा
आंख एवम् कान नाक गला अस्पताल
डॉ. संतोष जायसवाल
एम.बी.बी.एस., एम.एस.
(कान, नाक, गला रोग विशेषज्ञ)
मो. 70891-60782
कान से मवाद एवं परदे में छिद्र का दूरबीन पद्धति द्वारा ऑपरेशन
बैंक ऑफ़ बड़ौदा के सामने कर्मा धाम मंदिर गली बोरिया रोड संतोषी नगर रायपुर, फोन 0771-4001080

मेल इंफर्टिलिटी
शीघ्रपतन, लिंग में तनाव की कमी वीर्य की कमी, वेरीकोसील फायमोसिस का ईलाज
मेडिसीन शॉक वेव थैरेपी पी शॉट एवं सर्जरी द्वारा
डॉ. वैभव राज सिंह
एमबीबीएस एम.एस.- लेज़र व दूरबीन सर्जन
(MBBS, MS Surgery)
Laporoscopic Laser Surgeon
Call 9890716410
लेजर पाईल्स क्योर
पाल्स, फिशर, फिस्टुला, वेरीकोस वेन्स, पाईलोनाईडल साइनस का लेजर द्वारा सर्जरी, 24 घंटे में छुट्टी, बिना चीरा सभी दूरबीन व लेजर सर्जरी
श्री राम शांति मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल दही हाण्डी मैदान के सामने, श्रीनगर, गुढ़ियारी, रायपुर

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### राज्यपाल ने घायल जवानों का जाना कुशलक्षेम

**रायपुर।** राज्यपाल रमेन डेका ने शुक्रवार को श्री नारायणा हॉस्पिटल पहुंचकर सीआरपीएफ के घायल जवान मंटू नाथ निवासी असम राज्य और राजवीर सिंह निवासी गुजरात राज्य का कुशलक्षेम जाना। ये जवान 8 जुलाई को नक्सलियों द्वारा बीजापुर में किए गए आईडी विस्फोट में घायल हो गए थे। राज्यपाल ने घायल जवानों से चर्चा की और उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की। राज्यपाल ने जवानों का उपचार कर रहे चिकित्सकों से बातचीत कर उनके समुचित उपचार के निर्देश भी दिए। इसके अतिरिक्त उन्होंने उनके इलाज में किसी भी प्रकार की आवश्यकता की स्थिति में सरकार की प्रतिबद्धता भी व्यक्त की।

### पचपेड़ी नाका चौक का नामकरण नगरमाता बिन्नी के नाम करने की मांग



**रायपुर।** रायपुर नगर निगम के जोन क्रमांक 10 अमलीडीह में आज सोनकर समाज के प्रतिनिधियों ने जोन कमिश्नर से मुलाक़ात कर पचपेड़ी नाका चौक के नामकरण को लेकर की गई आपत्तियों को निरस्त करने की मांग की। साथ ही सोनकर गौरव नगर माता बिन्नी चौक एवं शहीद आकाश राव गिरिपुंजे चौक के नाम से नए नामकरण किए जाने का अनुरोध ज्ञापन सौंपकर किया। सोनकर समाज युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सौरभ सोनकर ने कहा, छत्तीसगढ़ की अस्मिता और हमारे गौरव से कोई भी छेड़छाड़ करेगा, तो हम उसे कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे। समाज की ऐतिहासिक विरासत और योगदान को सम्मान मिलना चाहिए। कार्यक्रम में सोनकर छात्रावास सचिव गज्जू सोनकर, वरिष्ठ समाजसेवी जयराज सोनकर, वार्ड 61 की छाया पार्षद ब्रह्मा सोनकर, छ.ग. सोनकर समाज युवा प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष ओंकार सोनकर, अमलेश्वर पालिका पार्षद व प्रकोष्ठ सचिव खुबीराज सोनकर, पार्षद भेजलाल सोनकर, युवा प्रकोष्ठ मीडिया प्रभारी संजय सोनकर, अभिनव सोनकर, छवि सोनकर सहित समाज के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### नियोक्ता-कर्मचारी पंजीकरण को बढ़ावा देने की योजना शुरू

**रायपुर।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) ने शिमला हिमाचल प्रदेश में आयोजित 196वीं ईएसआई निगम की बैठक के दौरान नियोक्ता और कर्मचारियों के पंजीकरण को बढ़ावा देने की योजना एसपीआरईई-2025 को मंजूरी दे दी है। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय श्रम और रोजगार तथा युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने की। एसपीआरईई 2025 कर्मचारी राज्य बीमा निगम द्वारा अनुमोदित नियोक्ता और कर्मचारियो के पजीकरण को बढ़ावा देने की योजना 2025, ईएसआई अधिनयम के तहत सामाजिक सुरक्षा कवरेज का विस्तार करने के उद्देश्य से एक विशेष पहल है।

# मिर्गी का झटका रोकने वाली दवा अमानक, कंपनी को नोटिस, मांगी निर्माण की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मिर्गी का झटका एवं न्यूरो संबंधी समस्या के लिए उपयोग किए जाने वाले फेनीटोइन इंजेक्शन के अमानक मिलने के बाद सीजीएमएससी द्वारा दिल्ली की कंपनी को शोकॉज नोटिस जारी किया गया है। उनसे क्वालिटी कंट्रोल सहित निर्माण संबंधित दस्तावेज मांगे गए हैं। संबंधित बैच के इंजेक्शन को जांच के लिए तीसरे लैब में भेजा गया है। रिपोर्ट के आधार पर संबंधित कंपनी के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। पिछले दिनों एक शासकीय अस्पताल में इस इंजेक्शन से संबंधित शिकायत मिली थी। इस आधार पर दवा कार्पोरेशन द्वारा संबंधित बैच के उपयोग पर रोक लगाई गई थी।

## संबंधित बैच के नमूने जांच के लिए भेजे गए, रिपोर्ट के आधार पर होगी कार्रवाई




### टेस्ट किट, आईवी ड्रिप सेट, सर्जिकल ब्लेड की जांच भी

अफसरों ने बताया कि प्रेगनेंसी टेस्ट किट, आईवी ड्रिप सेट और सर्जिकल ब्लेड जैसी कुछ सामग्रियों को लेकर प्राप्त शिकायतों पर सीजीएमएससीएल ने त्वरित और सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की है। इन प्रकरणों में संबंधित उत्पादों के प्रयोग पर रोक, जांच दल के गठन, निर्माता फर्मों को नोटिस जारी करने, तथा आवश्यकता अनुसार स्टॉक की वापसी और प्रतिस्थापन की कार्रवाई की गई है। दवा कार्पोरेशन जीरो टॉलरेंस पॉलिसी के अंतर्गत दोषी आपूर्तिकर्ताओं पर अनुबंध की शर्तों के अनुसार दंडात्मक कार्रवाई करता रहा है।

मामले में इंजेक्शन का निर्माण करने वाली दिल्ली की कंपनी को नोटिस जारी कर निर्माण से संबंधित विभिन्न दस्तावेज मांगे गए हैं। सीजीएमएससी के अफसरों का तर्क है कि संबंधित बैच के इंजेक्शन को एनबीएल की मान्यता प्राप्त तीसरे लैब में जांच के लिए भेजा गया है। वहां रिपोर्ट में दोष सिद्ध होने पर संबंधित कंपनी को ब्लैक लिस्टेड, अनुबंध समाप्ति जैसी कार्रवाई की जाएगी। दवा निगम के अधिकारियों ने बताया कि इस शिकायत के आधार पर राज्यभर में बेचे गए स्टॉक की जांच की जा रही है, हालांकि दूसरे स्थान से शिकायत नहीं मिली है। सीजीएमएससी की प्रबंध संचालक पद्मिनी भोई साहू ने कहा कि यह जीवन रक्षक औषधि है। प्राप्त शिकायत के आधार पर पूरी गंभीरता बरती जा रही है।

## प्रदेश सरकार पर बिजली का 10 हजार करोड़ बकाया, जनता को भोगना पड़ रहा : डॉ. महंत

# बिजली दर में बढ़ोतरी पर कांग्रेस ने घेरा, कहा- साय सरकार का जनता को एक और फटका

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश में बिजली की दरों में वृद्धि को लेकर प्रदेश कांग्रेस ने राज्य सरकार को घेरा है। कांग्रेस नेताओं ने इस बढ़ोतरी को प्रदेशवासियों के साथ धोखा बताया है। छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने प्रदेश में बिजली दरों में फिर से वृद्धि को लेकर सत्तारूढ़ भाजपा सरकार पर तीखा हमला करते हुए कहा कि 18 माह की भाजपा सरकार में बिजली बिल में तीसरी बार बढ़ोतरी की गई है। आज बिजली बिल में हुई मूल्य वृद्धि आम जनता पर अतिरिक्त बोझ डालने वाली है, मोदी महंगाई ने पहले ही जनता की कमर तोड़ रखी है और ऐसे में बिजली दर में बढ़ोतरी जनता के साथ धोखा है।

डॉ. महंत ने आगे कहा कि बिजली उत्पादन में लगने वाली वस्तु कोयले का प्रदेश में उत्पादन होता है, खुद उपयोग करके देश के अन्य राज्यों को भी कोयला छत्तीसगढ़ से जाता है। आज किसी भी बिजली उत्पादन वस्तु की दर में कोई वृद्धि नहीं हुई है तो फिर बिजली दर में बढ़ोतरी क्यों..?

नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि बिजली दरों में वृद्धि का मूल कारण प्रदेश सरकार पर राज्य पॉवर कंपनी का बिजली बिल बकाया दस हजार करोड़ से अधिक हो गया है, शासन द्वारा विभिन्न योजनाओं से विभाग को दी जाने वाली सब्सिडी का भुगतान बिजली विभाग से राज्य सरकार नहीं कर रही है। शासन के 23 विभागों का लगभग 2300 करोड़ रुपए बिजली बिल बकाया है। सरकार को चाहिए कि वह इस बिजली मूल्य वृद्धि निर्णय पर पुनर्विचार करे और आम उपभोक्ताओं को राहत देने के उपाय करे, ताकि जीवनयापन और अधिक कठिन न हो।




### पूरे समय बिजली नहीं और बिल में बढ़ोतरी : शुक्ला



प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, भाजपा सरकार पूरे समय बिजली नहीं दे पा रही है, ऊपर से सरकार ने बिजली के दामों में एक बार फिर से बढ़ोतरी कर दी। घरेलू बिजली में 10 से 20 पैसे तथा गैर घरेलू बिजली में 25 पैसे की, कृषि पंप में 50 पैसे प्रति यूनिट की बढ़ोतरी की है। इसके पहले भी साय सरकार ने बिजली के दाम में 11 प्रतिशत की बढ़ोतरी की थी। यह जनता पर अत्याचार है। अभी तक सरकार ने डेढ़ साल में 19.31 प्रतिशत बिजली के दाम बढ़ा दिए हैं। प्रदेश की जनता महंगाई से पीड़ति है, इस दशा में बिजली की दर में बढ़ोतरी करना महंगाई से जख्मी जनता के जख्मों पर नमक छिड़कना है। उद्योगों के बिजली के दाम सरकार पहले ही बढ़ा चुकी है।

### दरों में वृद्धि से टूटी आम जनता की कमर : उपाध्याय



पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने कहा, प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं पर एक बार से महंगी बिजली का भार डाल दिया गया है। हमने विद्युत नियामक आयोग की जनसुनवाई में बिजली की कीमत न बढ़ाने की मांग की थी, लेकिन हमारी मांग नहीं मानी गई और कीमत में इजाफा कर दिया गया। इसे लेकर शनिवार से ही लगातार आंदोलन किया जाएगा। पहले पॉवर कंपनी के दफ्तर का घेराव करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री और प्रदेश के मंत्रियों के निवास का भी घेराव किया जाएगा। श्री उपाध्याय ने कहा, बिजली की कीमत बढ़ाने का फैसला प्रदेश की आम जनता, विशेषकर गरीब, मध्यमवर्गीय परिवारों और किसानों की जेब पर सीधी चोट है और उनके घरेलू बजट को पूरी तरह से बिगाड़ने वाला कदम है। श्री उपाध्याय ने सरकार मांग की है कि बिजली दरों में की गई वृद्धि को अविलंब रद्द किया जाए। ऊर्जा नीति में पारदर्शिता लाई जाए और उपभोक्ताओं के हितों को प्राथमिकता दी जाए। बिजली दर में कोई भी बदलाव करने से पूर्व उपभोक्ता संगठनों एवं जनप्रतिनिधियों से विमर्श किया जाए।

# मध्य हिस्से को तरबतर कर मानसूनी वर्षा उत्तरी इलाके में शिफ्ट, तीव्रता में आएगी कमी



बारिश थमने से लोगों ने महसूस की राहत, अब तक 343 मिमी. बारिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर समेत मध्य हिस्से को तरबतर करने वाला मानसूनी सिस्टम अब उत्तरी इलाके में शिफ्ट हो गया है। शुक्रवार को दिनभर बारिश नहीं होने से लोगों ने राहत महसूस की है। आने वाले कुछ दिनों तक रायपुर, दुर्ग और बस्तर में इसकी तीव्रता में कमी आने की संभावना है। रायपुर जिले में अब तक 343 मिमी. बारिश हो चुकी है, जो सामान्य से 24 प्रतिशत अधिक है।

शुक्रवार को राजधानी रायपुर में बारिश नहीं हुई, वहीं जिले के अन्य क्षेत्रों में हल्की से मध्यम वर्षा दर्ज की गई। पिछले तीन-चार दिनों से हो रही बारिश से उकता गए लोगों ने राहत महसूस की है, हालांकि धूप-छांव का खेल जारी रहा। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक एक प्रबल मानसूनी तंत्रिका (द्रोणिका) उत्तर पूर्व अरब सागर से उत्तर छत्तीसगढ़ में स्थित ऊपरी हवा के चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण तक, दक्षिण गुजरात, उत्तर मध्य महाराष्ट्र, दक्षिण मध्य प्रदेश होते हुए विस्तारित है। इसकी वजह से प्रदेश में बारिश की गतिविधि में कमी आने की संभावना है। विशेषज्ञों के अनुसार रायपुर जिले में पर्याप्त मात्रा बारिश हो चुकी है और यह जुलाई महीने का अपना कोटा पूरा कर चुका है। आने वाले दिनों में होने बारिश की छिटपुट गतिविधि भी वर्षा का मात्रा को सामान्य बनाए रखने के लायक होगी। अभी रायपुर में तीव्रता में कमी आने के आसार है। शुक्रवार को दिनभर बारिश नहीं होने की वजह से दिन का अधिकतम तापमान भी चढ़कर 24 डिग्री के करीब पहुंच गया।

### प्रदेश में 367.8 मिमी. बारिश

प्रदेश के सभी स्टेशन मिलाकर कुल 367.8 मिमी. वर्षा हो चुकी है जो सामान्य से 15 प्रतिशत अधिक है। अभी रायगढ़, मोहला-मानपुर, जांजगीर, गौरेला-पेंड्रा में सामान्य से काफी अधिक बारिश हो चुकी है। रायपुर, बालोद, बलौदाबाजार, बस्तर, बिलासपुर, बीजापुर, जीपीएम, कोरबा, कोरिया, मुंगेली, सक्ती, सारंगढ़-बिलाईगढ़ और सूरजपुर में सामान्य से अधिक बारिश हुई है। केवल सुकमा, कोंडागांव और बेमेतरा में सामान्य से कम बारिश हुई है।

## रायपुरा के लोगों ने विधायक मूणत के जन चौपाल में गिनाई क्षेत्र की समस्या



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हमेशा अपने विधानसभा क्षेत्र में लोगों को नई सुविधा देने और विकास कार्यों के लिए पश्चिम विधानसभा के विधायक राजेश मूणत को जाना-जाता है। शुक्रवार को उन्होंने रायपुरा के माधवराव सप्रे वार्ड में जन चौपाल लगाकर लोगों की समस्याएं सुनीं और विभागीय अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए।

उन्होंने स्पष्ट किया कि जन चौपाल केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि यह एक जिम्मेदारी का मंच है, जहां जन प्रतिनिधि सीधे जनता से जुड़कर समाधान सुनिश्चित करने की मुहिम का हिस्सा बन रहे हैं। रायपुरा में लगाए गए जन चौपाल में दिनभर लोगों की भीड़ रही। जहां पेयजल, बिजली, सड़क, पेंशन, सफाई, नाली, राशन और आधार कार्ड से जुड़ी समस्याएं गिनाई। विधायक ने लोगों से चर्चा के बाद अधिकारियों को तुरंत समाधान करने के लिए निर्देश दिया।

इसके साथ ही विधानसभा क्षेत्र के वार्डों में जारी विकास कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने अपने डेढ़ साल के कार्यकाल का रिपोर्ट कार्ड भी जनता के सामने प्रस्तुत किया। बताया कि माधवराव सप्रे वार्ड में 65.96 लाख के विकास कार्य पूर्ण हुए। 339.50 लाख के काम प्रगति पर हैं। 292.13 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन 22 मई को किया गया है। इस बीच लोगों ने वार्डों में जारी अवैध प्लाटिंग को बड़ी समस्या बताई।

## आबकारी अधिकारियों का निलंबन, भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार भ्रष्टाचार के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति को पूरी दृढ़ता से लागू कर रही है। इसी क्रम में राज्य शासन ने आबकारी विभाग से जुड़े एक बहुचर्चित मामले में अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई करते हुए 22 अधिकारियों को निलंबित किया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने स्पष्ट किया है कि भ्रष्टाचार किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और पूर्ववर्ती शासनकाल में हुए सभी घोटालों की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित की जाएगी। दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा, चाहे वे किसी भी पद पर क्यों न हों।

यह कार्रवाई पूर्ववर्ती शासनकाल के दौरान हुए 3200 करोड़ रुपये के बहुचर्चित शराब घोटाले की जांच के आधार पर की गई है। वर्ष 2019 से 2023 के बीच हुए इस घोटाले में आबकारी विभाग के कुछ अधिकारियों की संलिप्तता पाई गई थी, जिन्होंने अवैध रूप से अर्जित धन से संपत्तियां अर्जित की थीं। आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो और भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की गहन जांच से यह स्पष्ट हुआ कि यह एक संगठित सिंडिकेट के रूप में संचालित घोटाला था। जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर सरकार ने तत्क्षण कार्रवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को निलंबित कर दिया।

**स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालयों में रिक्त पदों पर जल्द भर्ती करने के निर्देश**

## डीएमएफ राशि का योजनाबद्ध उपयोग हो : सांसद बृजमोहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल की अध्यक्षता में रायपुर जिला खनिज संस्थान न्यास (डीएमएफ) शासी परिषद की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक में श्री अग्रवाल ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि डीएमएफ मद की राशि का उपयोग जिले में व्यवस्थित, पारदर्शी और जनहितकारी योजनाओं के लिए सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने कहा, वर्तमान में डीएमएफ फंड में लगभग 22 करोड़ रुपए उपलब्ध हैं, तथा करीब 20 करोड़ रुपए और मिलने की संभावना है, ऐसे में इस राशि के उपयोग की सटीक कार्ययोजना बनाकर जनहित में प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए।उन्होंने कहा, 50 आंगनबाड़ियों के निर्माण और उन्नयन के लिए 11 करोड़ 59 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। आंगनबाड़ियों का प्री-फैब तकनीकी से निर्माण करने के निर्देश दिए। प्रत्येक आंगनबाड़ी के लिए 10 हजार रुपए अतिरिक्त सहायता देने का भी निर्णय लिया गया। सभी सरकारी स्कूलों में स्मार्ट क्लास की स्थापना हेतु स्कूल शिक्षा विभाग से समन्वय कर विस्तृत कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालयों में 250 हिंदी एवं 70 अंग्रेजी माध्यम के रिक्त पदों पर शीघ्र भर्ती की आवश्यकता जताई गई। एक एकड़ से बड़े स्कूल परिसरों में बारबेड वायरिंग व जाली, प्रार्थना शेड, शौचालय निर्माण एवं पौधारोपण अनिवार्य किया जाए।जन औषधि केंद्रों की स्थापना हर ब्लॉक, पीएचसी व हमर अस्पतालों में सुनिश्चित की जाए। शासकीय महाविद्यालयों में सुविधाएं बढ़ाने हेतु अलग से फंड आबंटित करने पर चर्चा हुई। पेयजल समस्या निवारण, स्कूल, कॉलेज व स्वास्थ्य केंद्रों का ऑडिट कर आवश्यक कार्य प्राथमिकता से कराए जाएं। महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य और पुलिस विभाग के डेटा आधारित समन्वय के लिए एक कमांड सेंटर की स्थापना पर जोर दिया गया। सीएसआर फंड का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। श्री अग्रवाल ने कहा, कंपनियों द्वारा किए जा रहे सीएसआर कार्यों का लेखा-जोखा तैयार किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि कंपनियों को सीएसआर की आधी राशि सरकारी मद में जमा कराने एवं शेष राशि का उपयोग अपने स्तर पर कार्यों में करने की अनुमति दी जाए। सभी कंपनियों को अपने कार्यों की विस्तृत सूची जिला प्रशासन को उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए।

## म्यूल अकाउंट के आरोप में जेल में बंद आरोपियों के परिजन पुरंदर से मिले



**रायपुर।** ठगी के लिए म्यूल अकाउंट उपलब्ध कराने के आरोप में जेल में बंद आरोपियों के परिजन शुक्रवार को विधायक पुरंदर मिश्रा से मिलने पहुंचे। परिजनों का कहना है कि जालसाजों ने उनके बच्चों को झांसे में लेकर अकाउंट खुलवाकर अपने पास रख कर ठगी के लिए इस्तेमाल किया। इसकी उन्हें जानकारी नहीं थी। अपराध दर्ज होने के बाद जिनके नाम से अकाउंट था, पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल कर दिया है, जिनकी अब तक जमानत नहीं हो पाई है। पेशे से अधिवक्ता भगवानू नायक के अनुसार पुरंदर मिश्रा से मिलने वालों में वे लोग हैं, जो बेहद गरीब तथा अशिक्षित वर्ग के लोग हैं। जालसाजों ने ऐसे लोगों को टार्गेट कर उन्हें बैंक में लोन दिलाने का झांसा देकर अकाउंट खुलवाकर अकाउंट अपने पास रख लिए और उस अकाउंट को सट्टा संचालित करने वालों के अलावा ठगी करने वालों को बेच दिया या किराए पर दे दिया।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को
अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या
अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न
नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411

## बिजनेस साइट

### रायपुर में बीएनआई का 'जोश मेंबर्स डे' कल

रायपुर। सबसे बड़े बिजनेस नेटवर्क बीएनआई का बहुप्रतीक्षित वार्षिक आयोजन 'जोश मेंबर्स डे' 13 जुलाई को इंदिरा गांधी एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी हॉल में आयोजित किया जाएगा। यह इस आयोजन का आठवां संस्करण होगा, जिसमें बीएनआई रायपुर एवं रेस्ट ऑफ छत्तीसगढ़ के सभी चैप्टर्स के सदस्य भाग लेंगे। इस भव्य आयोजन में बीएनआई इंडिया के प्रेसीडेंट हेमू सुवर्णा, डिस्ट्रिक्ट डायरेक्टर बिमल समाल तथा बीएनआई कोलकाता एवं नॉर्थ इंडिया के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। बीएनआई रायपुर के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर्स राजेश बाईस्या और श्वेता बाईस्या इस आयोजन की अगवाई करेंगे। बीएनआई विश्व की सबसे बड़ी रेफरल आधारित बिजनेस नेटवर्किंग संस्था है, जिसकी उपस्थिति 76 से अधिक देशों में है। भारत के 131 शहरों में इसकी शाखाएं सक्रिय हैं। इस संस्था की मूल विचारधारा 'गिवर्स गेन' है, जिसके तहत सदस्य एक-दूसरे को व्यापारिक अवसर देकर सामूहिक विकास को बढ़ावा देते हैं।

### सुयश हॉस्पिटल में 'छत्तीसगढ़ पल्मोकॉन 2025' सम्मेलन का आयोजन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के श्वास रोग विशेषज्ञों के सबसे प्रतिष्ठित वार्षिक सम्मेलन 'छत्तीसगढ़ पल्मोकॉन 2025' का भव्य आयोजन सुयश हॉस्पिटल में किया जा रहा है। यह राज्य स्तरीय सम्मेलन मुख्यतः छाती एवं फेफड़ों से संबंधित रोगों की पहचान, निदान और उपचार पर केंद्रित है। प्रदेशभर से आए वरिष्ठ चेस्ट फिजीशियंस और विशेषज्ञ डॉक्टर्स इस सम्मेलन में भाग लेंगे। कार्यशाला में टीबी, अस्थमा, सीओपीडी और फाइब्रोसिस जैसी गंभीर बीमारियों पर केंद्रित विशेष सत्र आयोजित किया जाएगा, जिनमें रोगों की पहचान, नवीनतम जांच तकनीक और आधुनिक उपचार विधियां शामिल हैं। कार्यक्रम की खास बात ये रही कि लाइव केस स्टडीज, जिनके जरिए विशेषज्ञ डॉक्टरों ने प्रतिभागी चिकित्सकों को व्यावहारिक अनुभव साझा करते हुए बताया कि कैसे मरीजों के लक्षणों को सही समय पर पहचान कर प्रभावी इलाज शुरू किया जा सकता है।



# हरिभूमि लाइव

रायपुर, शनिवार 12 जुलाई 2025

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937




सावन महीने की शुरुआत होते ही महिला समूहों द्वारा सावन महोत्सव का आयोजन शुरू हो गया है। पहले ही दिन शहर के विभिन्न संगठनों में सावन उत्सव का आयोजन धूमधाम से किया। सावन की हरियाली में जब बचपन की यादें ताजा हो जाएं और पारंपरिक खेलों की हंसी-ठिठोली गूंज उठे तो माहौल खुद-ब-खुद उत्सव में बदल जाता है। ऐसा ही नजारा सांस्कृतिक विवेकानंद उत्कर्ष परिषद द्वारा आयोजित सावन महोत्सव में देखने को मिला। जहां रस्साकसी, गिल्ली-डंडा, रस्सीकूद, नीबू-चम्मच जैसे खेलों ने बचपन की यादें ताजा कीं। यह मौका सावन उत्सव का था। जहां महिलाएं आपस में मिलकर पारंपरिक खेल का लुत्फ उठाती नजर आईं।

# सावन उत्सव में महकी स्कूल की यादें, महिलाओं ने गिल्ली-डंडा और रस्साकसी खेलों से जिया बचपन



रायपुर। पारंपरिक वेशभूषा और लोकगीतों से सजा यह आयोजन, सावन की उमंग और सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ाव का सुंदर उदाहरण देखने को मिला। सावन के पहले दिन ही परिषद द्वारा कुशालपुर चौक स्थित अभिनंदन पैलेस में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां जेसीआई, जिंदगी ना मिलेगी दोबारा, तेलुगु समाज तथा हरसंभव फाउंडेशन की महिलाएं भी उपस्थित रहीं। सावन उत्सव का प्रारंभ शिवलिंग और नंदी महाराज की सामूहिक आरती से किया गया, जहां महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुईं।

### बचपन की यादें हुईं ताजा

प्रतियोगिता के दौरान रस्सीकूद प्रतियोगिता में अधिक उम्र की महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपने जीवंत प्रदर्शन से निर्णायकों का ध्यान आकर्षित किया। इस प्रतियोगिता में प्रियंका तिवारी ने प्रथम और जे. पद्मा ने द्वितीय स्थान हासिल किया। कार्यक्रम में खेलों के माध्यम से जहां बचपन की यादें ताजा हुईं, वहीं महिला प्रतिभागियों के आत्मविश्वास और आनंद की झलक ने सावन महोत्सव को और भी रोचक बना दिया।

### गिल्ली-डंडा स्पर्धा, ज्योति बनीं विजेता



सावन महोत्सव में आयोजित पारंपरिक खेल प्रतियोगिताओं में महिलाओं में उत्साह देखते ही बन रहा था। जैसे ही मैदान में गिल्ली-डंडा का खेल शुरू हुआ, महिलाओं का उत्साह बढ़ता दिखा। डंडे से गिल्ली पर सटीक वार करते हुए प्रतिभागियों ने अपनी निशानेबाजी का शानदार प्रदर्शन किया। इस खेल में ज्योति शुक्ला ने प्रथम स्थान और लता साहू ने द्वितीय स्थान हासिल किया। वहीं दूसरी ओर रस्साकसी की शुरुआत से पहले ही महिलाओं में गजब का उत्साह दिखाई दिया, मनोरंजन और हंसी के बीच टीम ए की महिलाएं विजेता रहीं।



## सावन की पहली सुबह शिवमय हुआ शहर, दर्शन करने मंदिरों में पहुंचे भक्त

### सावन की पहली सुबह, मंदिरों में उमड़ा श्रद्धालुओं का भीड़



संख्या में भक्त दर्शन करने पहुंचे। सुबह से ही हटकेश्वर महादेव, सरोना स्थित शिव मंदिर, नीलकंठेश्वर मंदिर समेत विभिन्न शिव मंदिरों में भक्तों की लंबी कतारें देखने को मिलीं। सुबह आरती के बाद से ही मंदिर में जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक और रुद्राभिषेक जैसे विशेष अनुष्ठान शुरू हो गए। संध्या आरती के दौरान शिवलिंग का विशेष फूलों से श्रृंगार किया गया, जिससे मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया। मंदिरों में प्रसादी की विशेष व्यवस्था की गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। सावन के पहले सोमवार प्रत्येक भक्त शिवमंदिरों में शाही श्रृंगार के दर्शन कर सकेंगे। सावन माह की शुरुआत के साथ ही शहर के प्रमुख शिवालयों में भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिल रही है। हाटकेश्वर महादेव मंदिर में पहले ही दिन भक्तों की लंबी कतारें सुबह से लेकर देर रात तक लगी रहीं। मंदिर के महंत सुरेश गिरी ने बताया कि सुबह 4 बजे ही मंदिर के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए थे। वही शिवभक्त जल, दूध और बेलपत्र लेकर शिवलिंग पर जलाभिषेक के लिए पहुंचे। पूजन के दौरान मंदिर परिसर हर-हर महादेव के जयकारों से गूंजता रहा। वही देर शाम मंदिर परिसर को फूलों से सजाया गया।

### फूलों से किया गया शिवलिंग का श्रृंगार

सरोना स्थित शिव मंदिर से मंदिर समिति के सदस्य जनक सिंह ठाकुर ने बताया कि श्रद्धालुओं को दोपहर 12 बजे तक जलाभिषेक और दर्शन का अवसर दिया गया। सावन के पहले दिन शिवलिंग का 10 से 15 प्रकार के फूलों से सुंदर श्रृंगार किया गया, वही मंदिर परिसर को भी सजाया गया। इस दौरान 500 से अधिक श्रद्धालु मंदिर दर्शन के लिए पहुंचे और भगवान शिव के दर्शन कर मनोकामना पूर्ण होने की कामना की। पुण्य लाभ अर्जित किया। सावन के पहले दिन की यह भक्ति और श्रद्धा सरोना क्षेत्र में विशेष आकर्षण का केंद्र बनी रही।

## एजूकेशन लाइव

# कृषि महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन काउंसिलिंग शुरू




रायपुर। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित शासकीय एवं निजी महाविद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के बी.एस.सी. कृषि (ऑनर्स) स्नातक पाठ्यक्रम में नवीन शिक्षा नीति 2020 के तहत प्रवेश हेतु ऑनलाइन काउंसिलिंग प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। प्रथम चरण की काउंसिलिंग 15 जुलाई से 21 जुलाई 2025 तक चलेगी। प्रथम चरण की काउंसिलिंग में 15 जुलाई को ऑनलाइन पंजीयन करने वाले अभ्यर्थियों को पीएटी परीक्षा की प्रावीण्य सूची के आधार पर प्रोविजनल सीट एवं महाविद्यालय का आवंटन किया जाएगा। 16 से 18 जुलाई तक कृषि महाविद्यालय रायपुर में प्रातः 8 बजे से शाम 5.30 तक दस्तावेजों का परीक्षण किया जाएगा। अभ्यर्थियों को उन्हें आवंटित प्रोविजनल सीट को सुरक्षित करने 16 जुलाई से 19 जुलाई तक ऑनलाइन फीस जमा करनी होगी। यह उल्लेखनीय है कि पीएटी काउंसिलिंग की प्रवेश प्रकिया पूर्ण पारदर्शिता के साथ आयोजित की जा रही है।

### 19 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन करना होगा

सीट आवंटन के पश्चात यदि अभ्यर्थी किसी कारण से सीट सुरक्षित नहीं कर पाता है और आगामी चरण की काउंसिलिंग में भाग लेना चाहता है तो इस हेतु ऑनलाइन आवेदन करना होगा। ऐसे अभ्यर्थी जिन्हें अभी तक कोई सीट आवंटित नहीं हुई है, उन्हें भी स्पॉट एवं कन्वर्शन काउंसिलिंग के लिए 16 जुलाई से 19 जुलाई रात्रि 11.30 बजे के मध्य ऑनलाइन आवेदन करना होगा। यदि अभ्यर्थी सीट सुरक्षित करने के पश्चात सीट निरस्त करना चाहता है और आगे किसी भी प्रक्रिया में भाग नहीं लेना चाहता है तो इस हेतु 16 जुलाई से 19 जुलाई रात्रि 11.30 बजे के मध्य सीट निरस्त करनी होगी। आवंटित एवं रिक्त सीटों की जानकारी 21 जुलाई 2025 को उपलब्ध कराई जाएगी। स्पॉट एवं कन्वर्शन काउंसलिंग हेतु पंजीकृत अभ्यर्थियों की सूची 21 जुलाई, 2025 को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड की जाएगी। स्पॉट काउंसिलिंग हेतु प्रोविजनल सीट एवं महाविद्यालय का आबंटन 22 से 23 जुलाई के मध्य किया जाएगा। तत्काल दस्तावेज परीक्षण एवं ऑनलाइन फीस जमा करने हेतु 22 से 23 जुलाई को अभ्यर्थियां को कृषि महाविद्यालय, रायपुर में उपस्थित होना होगा।

## सिटी इवेंट

# पॉलीथिन को बायकट कर डिजाइनर पेपर कप, पैकेट, नास्ता प्लेट को प्राथमिकता



रायपुर। शहरवासियों में तेजी से पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ रही है। इसका ताज शहर के चाय स्टॉल, मिठाई दुकान, नास्ता सेंटर, चौपाटियों में लगे फास्ट फूड स्टोर्स में देखने को मिल रहा है। यहां पर बड़े पैमाने पर शॉप के संचालक व ग्राहक दोनों ही लोग डिजाइनर्स पेपर कप, कैरी पॉकेट, नास्ता प्लेट, गिलास का इस्तेमाल कर रहें हैं। इतना ही नहीं, अब लोग शादी-पार्टियों में भी पेपर कप, नास्ता प्लेट, गिलास, थाली का इस्तेमाल शुरू कर दिए हैं। यह एक तरह से शहर के लोगों में पर्यावरण के संरक्षण में बढ़ी जागरूकता कही जा सकती है कि वह पॉलीथिन को अब बॉय-बॉय और इको फ्रेंडली पेपर कप, कैरी पॉकेट, नास्ता प्लेट, गिलास को हाय कह रहे हैं।

### शहरवासियों में नो पॉलीथिन को लेकर बढ़ी जागरूकता

भाठागांव स्थित एक नास्ता सेंटर संचालक जित्तू यादव ने बताया कि 5 साल पहले तक चाय व नास्ता पार्सल के लिए पॉलीथिन का उपयोग करते थे, लेकिन अब पेपर कप, कैरी पॉकेट, गिलास का उपयोग किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अब ग्राहक भी पॉलीथिन के कप या पॉकेट में नास्ता पार्सल नहीं कराते, पेपर कप, कैरी पॉकेट, गिलास का ही इस्तेमाल करना पसंद कर रहे हैं। इस तरह यह सोसाइटी व पर्यावरण दोनों के लिए राहत देने वाला बदलाव है। लोगों में नो पॉलीथिन को लेकर बढ़ी जागरूकता से पॉलीथिन से होने वाले खतरे और हमारे आसपास पॉलीथिन कचरे से फैलने वाली गंदगी से भी मुक्ति मिलेगी।



### रोजगार का भी बन रहा माध्यम

पेपर कप, गिलास, नास्ता प्लेट, कैरी पॉकेट का मैनुफैक्चरिंग युवा व महिलाओं के लिए रोजगार का अवसर बनी है। पेपर कप, गिलास, नास्ता प्लेट, कैरी पॉकेट घर पर लघु उद्योग स्थापित कर आसानी से निर्मित किए जा रहे हैं। यह एक तेजी से स्थानीय रोजगार का माध्यम बन रहा है। यह सोसाइटी के युवा व महिलाओं के लिए पेपर कप, गिलास, नास्ता प्लेट, कैरी पॉकेट का मैनुफैक्चरिंग व सप्लाई के बिजनेस से जुड़कर आत्मनिर्भर बनने का अच्छा माध्यम है।

# ग्रामीण अंचल में स्वास्थ्य समस्याओं को समझने कम लागत में बनाई ऊंचाई मापने की मशीन

रायपुर। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान से बायोमेडिकल इंजीनियरिंग विभाग से तीन छात्रों ने ऊंचाई मापने का उपकरण तैयार किया है, जिसे लेकर वे प्रदेश के मोहला-मानपुर और अंबागढ़ चौकी जिले के 10 से अधिक आंगनबाड़ी केंद्रों एवं 2 प्राथमिक स्कूलों में 250 से ज्यादा बच्चों का परीक्षण करने पहुंचे। छात्र ऋषभ रंजन झा, आकाश गुप्ता और शुभम जांगिड़ ने बताया कि बाजार में ऊंचाई मापने वाले अनेक उपकरण उपलब्ध हैं, लेकिन वे ग्रामीण जरूरतों के अनुसार असल और सुविधाजनक नहीं हैं। इसे ध्यान में रखते हुए कम वजन, सरल उपयोग प्रक्रिया और कम कीमत में उपकरण तैयार किया है, जिसके उपयोग से 99.99% सही परिणाम मिलता है। छात्रों ने बताया कि व्यक्ति के सिर पर डिवाइस रखते ही 5 सेकंड में परिणाम नजर आ जाता है, इसे ग्रामीण परिवेश में सरलता से उपयोग करने के उद्देश्य से ही बनाया गया है।



### भविष्य में उपकरण की कीमत मात्र 500 रुपए

तृतीय वर्ष के छात्र ऋषभ, आकाश और शुभम के मार्गदर्शक बायोमेडिकल इंजीनियरिंग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सौरभ गुप्ता ने बताया कि एनआईटी और जेएसएस गनियारी के बीच समझौता किया गया है, जिसका उद्देश्य छात्रों को ग्रामीण भारत की स्वास्थ्य समस्याओं को समझने और कम लागत वाले, सुलभ और भारतीय मूल की मेडिकल डिवाइस विकसित करने का अवसर दिया गया। इन दिनों कई मेडिकल डिवाइस विदेशों से भारत लाई जाती हैं, ऐसे में युवा पीढ़ी के नए विचारों को मंच देने के लिए यह पहल की गई है। इसमें ग्रामीण अंचलों में होने की वाली विभिन्न समस्याओं पर अधिक जोर दिया जाएगा, ताकि कम से कम समय में सुधार लाया जा सके। मशीन की लागत भविष्य में 500 रुपए तय की जाएगी, ताकि कम लागत में ही ग्रामीण क्षेत्र के रहवासियों को दी जा सके।



# बारिश से नन्हे पैरों को बचाने पहल जैना ट्रस्ट ने विद्यार्थियों को बांटे शूज

रायपुर। बरसाती पानी से पैरों को बचाने की पहल करते हुए जैन संवेदना ट्रस्ट ने स्कूली बच्चों को जूते वितरण किए। शुक्रवार को ट्रस्टी महेंद्र कोचर व विजय चोपड़ा ने आदिश्वर जैन कन्या पाठशाला में सैकड़ों बच्चों में जूते बांटे। उन्होंने कहा, बरसात में नंगे पांव गंदे पानी में चलने से अनेक बीमारियां बच्चों को होने की संभावना रहती है। बीमार होने के कारण बच्चे स्कूल नहीं जाते और इससे उनकी पढ़ाई प्रभावित होती है। साथ ही परिजनों के लिए परेशानी बढ़ जाती है। यह वितरण मानव सेवा व मानव कल्याण के अंतर्गत समाज के लिए किया। साथ ही बुजुर्गों को श्रवण यंत्र प्रदान किए, जिससे उन्हें सुनने में कोई परेशानी न हो। महेंद्र कोचर व विजय चोपड़ा ने बताया कि हमारा व ट्रस्ट का काम मानव सेवा और मानव कल्याण है। बच्चे-बुजुर्गों के मदद के लिए हमारा ट्रस्ट हमेशा तैयार रहता है। भगवान महावीर स्वामी के जियो और जीने दो मंत्र से हम प्रेरणा लेते हैं और मानव कल्याण के लिए काम करते हैं।

## ट्रेडिशनल लोकल एथनिक वियर व डिजाइनर ट्रेंडी कपड़े यूथ की पहली पसंद

# पार्टी लुक के लिए बढ़ी डिजाइनर की डिमांड, नए स्टाइल में दिखना बना ट्रेंड

कार्नर न्यूज

रायपुर। सिटी के युवाओं के बीच स्थानीय और डिजाइनर कपड़े दोनों ही आज काफी पसंद किए जा रहे हैं। इसमें छत्तीसगढ़ी पारंपरिक परिधान को भी अब युवा अपनी पसंद और अवसर के अनुसार दोनों तरह के परिधानों को महत्व दे रहे हैं। जहां ट्रेडिशनल मौकों पर स्थानीय और एथनिक वियर पसंद किया जाता रहा है, वहीं कैजुअल और पार्टी वियर में डिजाइनर और ट्रेंडी कपड़े भी खूब चुने रहे हैं। सिटी में युवाओं के बीच स्थानीय और डिजाइनर कपड़े दोनों ही काफी लोकप्रिय हो रहे हैं। शहर की प्रमुख ड्रेस डिजाइनर पूजा चंदानी ने बताया कि कुछ वर्षों में सिटी यूथ कैजुअल और पार्टी वियर में डिजाइनर तथा ट्रेंडी कपड़ों के साथ एक स्थानीय टच वाली ट्रेडिशनल ड्रेस जरूर डिजाइन करा रहे हैं। ऐसे में कॉलेज हो या शासकीय आयोजन, यूथ फेस्ट, पारंपरिक परिधान में अपनी मौजूदगी का अहसास



कराने कोसा सिल्क कुर्ता, धोती, कलगी-कौड़ियों से सजी सूती पगड़ी भी डिजाइन करा रहे हैं। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ी पुरुषों के पारंपरिक छत्तीसगढ़ी परिधानों में मुख्य रूप से पिछौरी और धोती शामिल है। इसके अलावा विशेष अवसरों पर कोसा सिल्क कुर्ता भी पहना जाता है। आदिवासी पुरुष अक्सर धोती और सूती पगड़ी पहनते हैं। वहीं महिलाएं पारंपरिक सरगुजिया-बस्तरिया साड़ी के साथ पारंपरिक आभूषण से सजती हैं। स्थानीय यूथ में अपने प्रदेश के पारंपरिक वेशभूषा के प्रति रुझान विशेष अवसरों पर ही सही पर उनका लगाव बढ़ा है। यह हमारे पारंपरिक परिधानों के लिए अच्छा संकेत है। इससे विदेश परिधानों के बीच अब छत्तीसगढ़ी पारंपरिक परिधान भी खास महत्व रखता है।

### फैशन हाउस और बुटिक में स्पेशल कलेक्शन

पारंपरिक परिधानों में कोसा के जैकेट्स, धोती-कुर्ता पैटर्न, ट्राइबल टच की ड्रेसेस, राउत नाचा, सुआ नृत्य परिधान जैसी डिजाइन यूथ बनवा रहे हैं। सिटी के लगभग सभी नामी फैशन हाउस व बुटिक में कैजुअल और पार्टी वियर में डिजाइनर तथा ट्रेंडी कपड़े तैयार होने के साथ ही नामी ड्रेस फैशन डिजाइनर्स से ट्रेडिशनल ड्रेसेस भी डिजाइन करा रहे हैं।

### पारंपरिक आभूषणों की डिजाइन भी

फैंसी ज्वेलरी डिजाइनर रिंकी अग्रवाल ने बताया कि लाइटवेट फैंसी ज्वेलरी के अलावा अब 15 से 40 वर्ष आयुवर्ग तक में छत्तीसगढ़ी पारंपरिक आभूषणों का क्रेज बढ़ा है। शहर की फैंसी ज्वेलरी डिजाइनर्स भी गोदना, कौड़ी पटिया, झुमकी, लहुंटी, नागौरी, काकनी, कड़ा, मुंडरी, सुरा, मोहरमाला, रुपिया मंगला, पनाहा, कमरछल्ला, कंकाल, पैजनी वनवासी महिला के रूप में सुलिया, लच्छा, कलगी, फिफ्टी, सेवंती का गजरा, टिकली, बिंदिया, मांग मोती, रूपिया, बन्डी, करधन, लच्छा, सैंटी, स्ट्रेंथ, पेजन, अंगूठी, बिछिया का श्रृंगार के लिए पारंपरिक छत्तीसगढ़ी आभूषणों को डिजाइन कर रहे हैं।

समाज लाइव

## विद्यार्थियों को गिनाए सड़क सुरक्षा नियम जिम्मेदार नागरिक बनने किया प्रेरित



**रायपुर।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत कराया गया।कार्यक्रम में शहर के ट्रैफिक पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थिति रहे एवं छात्रों को ट्रैफिक नियमों के साथ जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए भी प्रेरित किया। एआईजी संजय शर्मा ने सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन, बच्चों में ट्रैफिक जागरूकता, हेलमेट, सीट बेल्ट के प्रयोग व डिजिटल ट्रैफिक सिस्टम के बारे में विस्तार से बताया। एएसपी डॉ. प्रशांत शुक्ला ने बताया, सड़क सुरक्षा केवल एक नियम नहीं, बल्कि एक जिम्मेदारी है। अपने जीवन की, अपने परिवार की और समाज की। एएसआई टिकेलाल भोई ने कहा, युवा सतर्क रहें और समाज में जागरूकता फैलाकर एक सकारात्मक बदलाव की दिशा में कार्य करें। साथ ही ट्रैफिक पुलिस सहदेव वर्मा ने सड़क सुरक्षा के नियमों के बारे में बताया।

### एक सुर में संदेश- सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा

ट्रैफिक पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने ट्रैफिक से जुड़ी हर जानकारी दी एवं छात्रों को जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए भी प्रेरित किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के लगभग 150 छात्रा-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पूरे आयोजन को सार्थकता प्रदान की। कार्यक्रम का समापन प्रेरणात्मक संदेश के साथ हुआ। सभी ने कहा कि सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा है। इस कार्यक्रम से छात्राओं के व्यक्तित्व और सामाजिक जिम्मेदारी के विकास में महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर कार्यक्रम में अधिकारी डॉ. सुबुही निषाद, आयोजक अधिष्ठाता डॉ. आरती गुहे और विभाग के प्रोफेसर शामिल हुए।

सिटी लाइव

## वन बंधु परिषद की आमसभा में जुटे देशभर के 46 चैप्टर



**रायपुर।** वन बंधु परिषद की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक एवं वार्षिक आमसभा का आयोजन जैनम भवन में किया गया। मीडिया प्रभारी कविता राठी ने बताया कि आयोजन में पद्मश्री रामेश्वर लाल काबरा भी उपस्थित रहेंगे। रायपुर चैप्टर सहित बिलासपुर, धमतरी, दुर्ग सब चैप्टर के पदाधिकारियों के साथ 10 से अधिक व्यवस्था समिति बनाई गई है। प्रदेश उपाध्यक्ष अनिता खंडेलवाल ने बताया कि पूरे देश के 46 चैप्टर और सब चैप्टर से लगभग 300 पदाधिकारी छत्तीसगढ़ पहुंचे हैं, जहां वे प्रदेश की संस्कृति, लोककला एवं पर्यटन स्थल से परिचित हो रहे। शुक्रवार को गवर्निंग बोर्ड की बैठक हुई, जहां वनवासियों के हित में कार्य करने महत्वपूर्ण रणनीति बनाई गई। वहीं शनिवार रात रानी अहिल्या बाई होलकर की जीवनी पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित है।

### ये रहे उपस्थित

बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश सरावगी, कार्यकारी अध्यक्ष रमेश माहेश्वरी, महामंत्री गीता मुंदड़ा, महिला समिति की राष्ट्रीय अध्यक्ष विनीता जाजू, राष्ट्रीय सहसचिव घनश्याम मुंदड़ा, प्रांतीय अध्यक्ष बजरंगलाल अग्रवाल, कार्यकारी अध्यक्ष दीपक भीमसरिया, रायपुर चैप्टर संरक्षक कमल सारडा, चंदन जैन, अनिल डागा, कांता सिंघानिया, सरिता रखनी, अनिल मुंदड़ा, दिव्यम अग्रवाल, बिंदिया अग्रवाल, किरण अग्रवाल उपस्थित रहे।

● अंतर्राष्ट्रीय सादगी दिवस आज, शहर में ऐसे भी लोग जिन्होंने बदलते परिवेश में भी कायम रखी सादगी

# घर में एक्टिवा, पर प्रताप साइकिल प्रेमी, महेश के मनोरंजन का साधन आधुनिक दौर में भी रेडियो

'सादगी परस्त लोग समाज और परिवार के बीच अलग ही पहचान रखते हैं। हम ऐसे लोगों को सड़क पर आते-जाते देखते हुए भी उनके भावों को नहीं समझ पाते हैं। टिकरापारा में रहने वाले प्रताप वर्मा घर- परिवार ही नहीं आर्थिक रूप से भी सम्पन्न हैं। घर में बेटे-बेटियों के लिए तीन एक्टिवा खरीदा है,लेकिन उनका 58 की उम्र में भी साइकिल से नाता नहीं छूटा है। कुछ ऐसे ही सादगी परस्त महेश साहू भी हैं। वे मनोरंजन के लिए अब भी रेडियो सुनते हैं। इतना ही नहीं वह मोबाइल का भी उपयोग नहीं करते हैं।'

**रायपुर।** शहर के टिकरापारा क्षेत्र में रहने वाले 58 वर्षीय प्रताप वर्मा कई वर्षों से शहीद वीर नारायण सिंह कॉम्प्लेक्स में दुकान चलाते हैं। उनकी साइकिल आज भी दुकान के सामने खड़ी मिलती है। जब उनके सादगी से भरे जीवन शैली का पता चला, तो हरिभूमि ने चर्चा की। इसमें उन्होंने बताया कि अब युवाओं की पसंद महंगी गाड़ियों से सैर-सपाटा है। 1989 में दुर्गा कॉलेज से बीकॉम फाइल करने वाले प्रताप ने बताया कि मैने कभी गाड़ी नहीं चलाया। अब भी रोज 20 से 25 किलोमीटर साइकिल चलाता हूं। जीवन में कभी किसी प्रकार का नशा नहीं किया। इससे बीमारी के प्रभाव से भी बचा हुआ हूं। पैट- शर्ट ही पहनावा और सादगी के साथ जीवन जीने के संकल्प का पालन कर रहा हूं। इस संकल्प को मेरे पिता स्व. मुन्ना लाल वर्मा ने दिलाया था। इससे स्वस्थ्य जीवन और दिखावे के खर्च से भी बचा हूं।

### दोस्तों का ताना सुना पर नहीं बदला अंदाज



58 वर्षिय श्री वर्मा ने बताया कि कॉलेज भी साइकिल से ही आता-जाता था। तब दोस्तों का ताना भी सुनने को मिलता था। अब भी साथ पढ़ने वाले दोस्त देखकर ताना देते हैं, कि सबकुछ है गाड़ी भी चलाना सिख लो, लेकिन मैने अपने सादगी परस्त जीवन का अंदाज नहीं बदला। की-पैड मोबाइल व्यावसायिक कारणों से ही चलाता हूं। दुकान से घर जाने के बाद इससे दूरी बना लेता हूं। सामान्य जिंदगी का मंत्र पिता से मिला, आधुनिक दौर के युवाओं को संसाधनों के उपयोग ने आदि बना दिया।

### महेश नहीं करते हैं मोबाइल का इस्तेमाल



सिद्धार्थ चौक के पास पान दुकान चलाने वाले महेश साहू आधुनिक सुविधाओं को इस्तेमाल से कोसो दूर हैं। उन्होंने बताया कि रेडियो से 44 साल पुराना नाता है। घर में गाड़ी, मोबाइल, टीवी जैसी सुविधा है। इसके बाद मेरे मनोरंजन का साधन रेडियो ही है। दुकान खोलने के साथ ही रेडियो से जुड़ता हूं। घर जाने के बाद भी रेडियों ही मनोरंजन का साधन है। मोबाइल का इस्तेमाल अब भी नहीं करता हूं। कभी जरूरी होने पर किसी से संबंधित को फोन लगवाने के बाद बात कर लेता हूं, लेकिन मोबाइल रखने का शौक नहीं है।

### संसाधन और सुविधा से बचने का प्रयास



राजातालाब क्षेत्र के यादव मोहल्ले में रहने वाले रिटायर्ड डाक कर्मी विश्वनाथ राम यादव 80 की उम्र में भी रोग-विकारों से दूर है। सादगी से भरे जीवन को लेकर वे क्षेत्र में पहचान रखते हैं। नशे के व्यसन से दूर रहते हुए उन्होंने बतौर डाकिया लोगों को सेवा के दौरान साइकिल से ही डाक पहुंचाने के लिए शहर का भ्रमण करते हुए रिटायर हुए। रिश्तों की बागडोर को संभालने के लिए की-पैड मोबाइल चलाते हैं। उन्होंने बताया कि पारंपरिक पहनावे में भी दिखावे से दूर हूं। आधुनिक संसाधन और सुविधा से बचने का प्रयास करता हूं।

## चातुर्मास में संयम और साधना का संकल्प आत्मकल्याण के लिए सुविधाओं का त्याग



**रायपुर।** श्री विमलनाथ जैन मंदिर ट्रस्ट एवं भावोउल्लास चातुर्मास समिति के संयुक्त तत्वावधान में चातुर्मास का शुभारंभ हो चुका है।धर्मसभा ने इस बार निर्णय लिया है कि पूज्य गुरु भगवंतों की सन्निधि में श्रद्धालुओं से आत्मकल्याण की दिशा में कुछ विशेष नियमों का पालन करेंगे। इसके लिए श्रद्धालुओं को अनुरोध किया गया है। आयोजकों का कहना है कि मनुष्य जीवन का सबसे बड़ा सौभाग्य यही है कि वह आत्मसंयम, उपासना और साधना के माध्यम से आत्मकल्याण की ओर अग्रसर हो सकता है। इसी भावना को केंद्र में रखते हुए विशेष आध्यात्मिक आयोजन किया गया है।

### शहरों में बदल रही है संस्कृति


*उपाध्याय प्रवर युवा मनीषी श्री मनीष सागरजी महाराज साहब ने शुक्रवार को टैगोर नगर स्थित पटवा भवन में धर्मसभा को संबोधित करते हुए जीवन कल्याण के लिए धर्म से जुड़ने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि हमें सिर्फ प्रतिमा से नहीं, बल्कि परमात्मा से और उनके गुणों से नाता जोड़ना है। चातुर्मासिक प्रवचन श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए उपाध्याय भगवंत ने कहा कि प्रतिमा हमें सिर्फ भान कराने का मौका देती है कि प्रभु कितने सुंदर हैं। वहीं हमें भगवान तक पहुंचने का मौका देती है। इसलिए हमें प्रभु को पाने का लक्ष्य तय कर आगे बढ़ना है। यहीं से हमारे जीवन के सुधार की प्रक्रिया शुरू होती है। युवा मनीषी श्री मनीष सागरजी ने कहा कि शहरों में संस्कृति बदल रही है। महानगरों में तो और भी हालात खराब हैं। वहां कुछ लोग ही प्रभु का दर्शन-पूजन कर पाते हैं। हमने अनंतकाल तक प्रभु से नाता नहीं जोड़ा, इसलिए तिर्यंच गति में भटकते रहे, पुण्योदय के कारण हमें मानव जीवन मिला है।*

### इन नियमों का पालन करने का आग्रह

- पाप से परहेजः यदि शरीर या मन किसी पाप की ओर झुके, तो तत्काल उस स्थान, स्थिति या व्यवहार से हट जाना चाहिए।
- दृढ़ संकल्पः चातुर्मास की अवधि में यह दृढ़ निश्चय करें कि कोई भी पाप कर्म नहीं करेंगे।
- संयमित उपभोगः ड्रायफ्रूट्स, हरी पत्तियां, समाचार पत्र, टीवी चैनल, सीरियल्स और मोबाइल स्क्रीन टाइम का सीमित उपयोग करें।
- निःसार्थक वार्तालाप से बचेंः फोकट की बातों से बचें, और वाणी पर संयम रखें।
- प्राकृतिक प्रवृत्तियों में हस्तक्षेप न करेंः प्रकृति को अपना कार्य करने दें, उसमें अनावश्यक हस्तक्षेप न करें।
- रात्रि भोजन का त्यागः श्रद्धालुओं से आग्रह किया गया कि वे रात्रि भोजन का त्याग कर प्रातः नवकारसी, एकासन या बियासन का पालन करें।

## अनुसंधान डिजाइन किसी भी शोध कार्य की प्रारंभिक महत्वपूर्ण प्रक्रिया

**रायपुर।** महंत लक्ष्मीनारायण दास महाविद्यालय के वाणिज्य शोध केंद्र में गूगल मीट प्लेटफार्म पर शैक्षणिक व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. देवाशीष मुखर्जी ने की। इस अवसर पर प्रमुख वक्ता प्रोफेसर डॉ. उषा किरण अग्रवाल, प्राचार्य, चंदूलाल चंद्राकार कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय धमधा रहीं। उन्होंने अनुसंधान समस्या का निर्माण एवं अनुसंधान डिज़ाइन विषय पर विस्तार से व्याख्यान दिया। डॉ. अग्रवाल ने शोध प्राविधि, अनुसंधान के महत्व, उसके उद्देश्य, तथा वैज्ञानिक अनुसंधान के हॉलमार्क्स की चर्चा करते हुए प्रतिभागियों को महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान कीं। उन्होंने हाइपोथेसिस की परिभाषा, उसकी आवश्यकता एवं विभिन्न प्रकारों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि अनुसंधान डिजाइन किसी भी शोध कार्य की प्रारंभिक और अत्यंत महत्वपूर्ण प्रक्रिया होती है।



### 50 से अधिक प्राध्यापक एवं शोधार्थियों ने लिया भाग

रिसर्च के कुछ रोचक उदाहरण प्रस्तुत किए एवं कहा कि मां के दुग्धपान से बच्चों में आक्रमकता में कमी आती है, बनिस्बत डिब्बे वाले दूध के। कार्यक्रम में प्रोफेसर डॉ. शांतनु पॉल ने प्रमुख वक्ता का परिचय प्रस्तुत किया तथा डॉ. श्वेता महाकालकर द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस ज्ञानवर्धक व्याख्यान में 50 से अधिक प्राध्यापकों एवं शोधार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता दर्ज कराई। कार्यक्रम का सफल संचालन एवं आयोजन वाणिज्य शोध केंद्र की सराहनीय पहल रही, जिसने शोध के क्षेत्र में नई दृष्टि प्रदान की।

## सुदामा का चरित्र और जीवन मित्रता का आदर्श स्वरूप, रिश्तों को सहेजें

**रायपुर।** वीआईपी क्लब शंकर नगर में जारी श्रीमद भागवत कथा में श्रोताओं की भीड़ रही। श्री राधा सखी परिवार द्वारा आयोजित कथा के तीसरे दिन वृंदावन से पधारे आचार्य पुनीत कृष्ण महाराज ने श्रोताओं के बीच सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए कहा कि जीवन में मित्रता के लिहाज से सुदामा से आदर्श स्वरूप नहीं मिल सकता है। उनके जीवन प्रसंग को वर्तमान दौर में आत्मसात करने की जरूरत बढ़ गई है। जब भी रिश्तों को सहेजने का जिक्र होगा, तब सुदामा को याद किया जाएगा। महाराज ने रुक्मणि विवाह प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर किया। श्रोताओं ने कथा श्रवण के साथ-साथ मधुर भजनों और संगीतमय प्रस्तुति का भी आनंद लिया।



### पहली बार लगेगा सावन मेला और झूला

*कथा प्रसंग की शुरुआत वीआईपी क्लब के मैनेजिंग डायरेक्टर राकेश पांडे द्वारा परिवार सहित आरती से किया गया। कथा श्रवण के लिए प्रतिदिन दोपहर 3:30 बजे तक लोग जमे रहते हैं। शनिवार को सुदामा चरित्र पर कथा होगी। इसमें मित्रता, प्रेम और त्याग की अद्वितीय भावना को उजागर किया जाएगा। इसके अलावा दोपहर 12 बजे महा रुद्राभिषेक का आयोजन होगा। इसमें शिव महिमा का दिव्य अनुष्ठान संपन्न किया जाएगा। दोपहर 2 बजे से भंडारे का आयोजन करते हुए सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया जाएगा। शनिवार को ही 3 बजे से रायपुर में पहली बार सावन झूला मेले का आयोजन किया जा रहा है।*

### श्री रामचरित मानस का 42 दिवसीय अखंड पाठ शुरू

*श्रावण मास के प्रारंभ होने के साथ 11 जुलाई से श्री राधाकृष्ण मंदिर संजय नगर में विगत 24 वर्षों की भांति इस वर्ष भी श्री रामचरित मानस का अखंड पाठ प्रारंभ हो गया है। संरक्षक पूर्व नेता प्रतिपक्ष सुभाष तिवारी ने बताया कि इस यज्ञ आयोजन में लगभग 50 श्रद्धालुओं की टीम निरंतर काम करती है। प्रत्येक घंटे के लिए एक-एक व्यक्ति पाठ करने के लिए पाठी के रूप नियुक्त किया जाता है। प्रत्येक रात्रि के लिए चार लोगों की टीम अखंड पाठ के लिए तैयार रहती है। इस प्रकार यह पाठ 42 दिन तक अखंड रूप से 24 घंटे चलता रहता है। श्री राधाकृष्ण मंदिर होने के कारण जन्माष्टमी बड़ी धूमधाम से मनाई जाती है और भगवान श्रीकृष्ण की छट्ठी के पश्चात इस यज्ञ का हवन और 56 भोग के साथ भोग भंडारा प्रतिवर्ष किया जाता है, जिसमें पूरे शहर के एवं आसपास क्षेत्र के श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित होते हैं।*



## सिटी स्पोर्ट्स

### जिला क्रिकेट संघ का ट्रायल शुरू



**रायपुर।** रायपुर जिला क्रिकेट संघ के ट्रायल प्रारंभ हो गए हैं। पहले दिन शुक्रवार को अंडर-14 के 185 खिलाडियों ने लिया भाग लिया। रायपुर जिला क्रिकेट संघ ने वर्ष 2026-27 हेतु सभी वर्गों का ट्रायल प्रारंभ कर दिया है। ज्ञातव्य है कि 01 जुलाई से 07 जुलाई तक सभी वर्गो के खिलाडियों का पंजीयन किया गया था। इसके बाद वर्गवार खिलाडियों का ट्रायल शुक्रवार से प्रारंभ हो गया है। पहले दिन आर डी सी ए इंडोर स्टेडियम, तेलीबांधा रायपुर में अंडर-14 वर्ग के लगभग 185 खिलाडियों का ट्रायल हुआ। यह ट्रायल 3 स्लॉट में लिया गया। पहला स्लॉट सुबह 8.30 बजे से प्रारंभ हुआ। खिलाडियों को क्रमशः प्रारंभिक बल्लेबाज, मध्यक्रम बल्लेबाज, तेज गेंदबाज तथा स्पिन गेंदबाज वर्ग में विभाजित कर ट्रायल लिया गया। 12 जुलाई को अंडर 14 वर्ग के खिलाडियों का ट्रायल 3 स्लॉट में संपन्न होगा।

### ऑल इंडिया पावर लिफ्टिंग में प्रकाश ने जीता स्वर्ण पदक



**भिलाई।** आगरा में आयोजित ऑल इंडिया सीनियर पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में प्रकाश राव ने पावरलिफ्टिंग एवं बेंच प्रेस प्रतियोगिता में 120 किलोग्राम वजन वर्ग समूह में भाग लेकर स्वर्ण पदक प्राप्त किये। वर्तमान में राव बिलासपुर रेलवे मंडल में डिप्टी सीटीआई के पद पर कार्यरत है। विदित हो कि प्रकाश राव भिलाई के पहले ऐसे खिलाड़ी हैं जो कि भारतीय बास्केटबॉल टीम के कप्तान है एवं उन्होंने अपनी कप्तानी में लगभग 8 से 10 बार भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व किया है। उन्होंने कई अंतरराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेकर स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक जीतकर प्रदेश को गौरवान्वित किया है। इनकी इस उपलब्धि पर विभाग प्रमुख रेलवे मंडल प्रबंधक, सीनियर वाणिज्य प्रबंधक, (कोच) इकबाल अहमद एवं विभागीय सहकर्मी ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

### राजधानी में कल जिला स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता



**रायपुर।** रायपुर डिस्ट्रिक्ट स्विमिंग एसोसिएसन द्वारा 13 जुलाई को सुबह 11 बजे से अन्तराष्ट्रीय तरणताल पर एक दिवसीय जिला स्तरीय सब- जूनियर जूनियर बालक/बलिका तैराकी स्पर्धा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे जन्म वर्ष 2013-2014 सब – जूनियर, जन्म वर्ष 2011-2012 ( आयु वर्ग)14 वर्ष, जन्म वर्ष 2008-2009-2010 (आयु वर्ग) 17 वर्ष के भीतर जूनियर वर्ग होगा। प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण महापौर व एसोसिएशन की संरक्षक मीनल चौबे के द्वारा शाम 4:30 बजे से किया जायेगा। चयनित तैराक अगामी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।

### भालाफेंक चैम्पियनशिप की मेजबानी इस बार बिलासपुर को




**रायपुर।** ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता एथलेटिक्स खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने 7 अगस्त 2021 को ओलंपिक में इतिहास रचकर पूरे देश को गौरवान्वित किया था। उनकी इस ऐतिहासिक उपलब्धि के उपलक्ष्य में एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एएफआई) ने 7 अगस्त को हर वर्ष जेवलिन डे के रूप में मनाने का निर्णय लिया है, ताकि पूरे भारत में जेवलिन थ्रो खेल के प्रति जागरूकता बढ़े और ज्यादा से ज्यादा खिलाड़ी इस खेल में भाग लें। नीरज चोपड़ा ने अपनी मेहनत और लगन से देशभर के खिलाड़ियों विशेषकर छत्तीसगढ़ के युवाओं में जेवलिन थ्रो के प्रति नया उत्साह पैदा किया है। इसी उद्देश्य को आगे बढ़ाते हुए छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स संघ भी पिछले तीन वर्षों से जेवलिन डे को बड़े हर्षोल्लास के साथ मना रहा है और इस वर्ष यह चौथा जेवलिन डे बिलासपुर में मनाया जाएगा। इसके अंतर्गत चतुर्थ जेवलिन थ्रो चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें छत्तीसगढ़ के सभी जिलों के बालक एवं बालिका खिलाड़ी भाग ले सकते हैं।

#### अपने कामकाज और सेहत के बीच संतुलन जरूर बनाएं

# 8 घंटे से अधिक एक जगह बैठकर करते हैं काम तो बढ़ सकता है इन बीमारियों का खतरा

अक्सर लोग ऑफिस में घंटों कुर्सी पर बैठे रहते हैं और लगातार स्क्रीन देखते रहते हैं। इससे उनकी शारीरिक गतिविधि बहुत कम हो जाती है, जिसका हमारे स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है। यह सिर्फ आलस्य नहीं है, बल्कि एक ऐसी आदत है जो शरीर में कई गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ा देती है।आज की आधुनिक जीवनशैली में हमें ढेर सारी सुख-सुविधाएं मिल गई हैं, जिसकी वजह से लोग एक ही जगह बैठे-बैठे अपना सारा काम करना चाहते हैं। ऐसे में शरीर की गतिविधि कम होने से कई मुश्किलें सामने आती हैं। इसी तरह की जीवनशैली को सेडेंटरी लाइफस्टाइल कहते हैं। अक्सर लोग ऑफिस में घंटों कुर्सी पर बैठे रहते हैं और लगातार स्क्रीन देखते रहते हैं। इससे उनकी शारीरिक गतिविधि बहुत कम हो जाती है, जिसका हमारे स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है।



यदि आप भी उन लोगों में से हैं जो दिन में 8 घंटे से ज्यादा एक ही जगह बैठकर काम करते हैं, तो आपको सतर्क हो जाना चाहिए। यह आदत मोटापा, हृदय रोग, डायबिटीज जैसी कई लाइलाज बीमारियों का खतरा बढ़ाती है। दरअसल, जब हमारा शरीर पर्याप्त हिलता-डुलता नहीं, तो मेटाबॉलिज्म धीमा हो जाता है, जिससे कई शारीरिक प्रक्रियाएं बाधित होती हैं। आइए इस लेख में जानते हैं कि अगर कोई 8 घंटे से अधिक एक स्थान पर ही बैठा रहता है, तो उन्हें किन बिमारियों का खतरा बढ़ जाता है। साथ ही यह भी जानेंगे कि आप किन छोटे बदलावों से अपनी सेहत को बेहतर बना सकते हैं।



### गतिहीन जीवनशैली से होने वाली बीमारियां

लंबे समय तक बैठे रहने से शरीर की सामान्य प्रक्रियाएं प्रभावित होती हैं। पहली प्रमुख समस्या है मोटापा। बैठे रहने से कैलोरी बर्न नहीं होती, जिससे वजन बढ़ता है। मोटापा अपने आप में डायबिटीज और हृदय रोग जैसी बीमारियों का कारण बनता है।

दूसरी, टाइप-2 डायबिटीज का खतरा बढ़ता है। सेडेंटरी लाइफस्टाइल इंसुलिन सेंसिटिविटी को कम करती है, जिससे ब्लड शुगर का लेवल अनियंत्रित हो सकता है। तीसरी, हृदय रोग का जोखिम। लंबे समय तक बैठने से रक्त संचार धीमा पड़ता है, जिससे कोलेस्ट्रॉल और ब्लड प्रेशर बढ़ सकता है। चौथी, कमर और पीठ दर्द। गलत मुद्रा में बैठने से रीढ़ की हड्डी और मांसपेशियों पर दबाव पड़ता है, जिससे पुराना दर्द शुरू हो सकता है।

### मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभाव

गतिहीन जीवनशैली न केवल शारीरिक, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य को भी प्रभावित करती है। लंबे समय तक बैठे रहने से तनाव, चिंता और अवसाद का खतरा बढ़ता है। शारीरिक गतिविधि की कमी से एंडोर्फिन हार्मोन का स्राव कम होता है, जो मूड को बेहतर बनाता है। इसके अलावा, नींद की गुणवत्ता भी प्रभावित होती है, जिससे थकान और चिड़चिड़ापन बढ़ता है।

### क्यों बढ़ रहा है यह खतरा?

आज के दौर में डेस्क जॉब, रिमोट वर्क और स्क्रीन टाइम ने लोगों को कुर्सी से बांध दिया है। कंप्यूटर, मोबाइल और टीवी के सामने घंटों बिताने से शारीरिक गतिविधियां कम हो गई हैं। मानसून या ठंड जैसे मौसम में बाहर निकलना और कम हो जाता है, जिससे गतिहीनता और बढ़ती है। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक, सभी आयु वर्ग इस जीवनशैली का शिकार हो रहे हैं।

### बचाव के उपाय

गतिहीन जीवनशैली से होने वाली बीमारियों से बचने के लिए कुछ आसान उपाय अपनाए जा सकते हैं। हर 30-40 मिनट में उठकर 2-3 मिनट टहलें या स्ट्रेचिंग करें। रोजाना 30 मिनट टहलें, योग या कोई व्यायाम जरूर करें। हमेशा सीधे बैठें और अपनी रीढ़ को सहारा देने वाली कुर्सी का उपयोग करें। पर्याप्त पानी पिएं और संतुलित आहार लें, जिसमें फाइबर, प्रोटीन और हेल्दी फैट शामिल हों। ये छोटे बदलाव आपको स्वस्थ और सक्रिय रहने में मदद करेंगे।



## कपूर और नींबू का छिलका उबाल कर आजमाएं



रसोई में बहुत सी चीजें ऐसी होती है। जिनसे जुड़े हम हैक्स नहीं जानते हैं। आज हम आपको कपूर और नींबू के छिलकों से जुड़े कुछ स्मार्ट किचन हैक्स बताने जा रहे हैं। जिनकी मदद से आपके बहुत काम आसान हो जाएंगे। कपूर और नींबू के टुकड़ों को पानी में उबालने से क्या होता है आज हम आपको इस आर्टिकल इसी के बारे में बताने जा रहे हैं। कपूर और नींबू से आप अपने किचन के कई काम को आसान बना सकती हैं। यह आपके बेहद काम आने वाले हैं। चलिए फिर जान लेते हैं नींबू के टुकड़े और कपूर को पानी में एक साथ उबालने के फायदे।

### नींबू और कपूर उबालने से क्या होता है?

आप भी नींबू और कपूर को पानी में उबालकर किचन के काम को आसान बना सकती हैं। आइए जान लेते हैं सभी के बारे में विस्तार से।

### कीड़े-मकौड़े भगाएं

अक्सर किचन में कुछ भी खाने-पीने का सामान फैल जाने पर या बारिश के मौसम में मक्खी, मच्छर और चींटियां आदि डेरा जमाने लगती हैं। ऐसे में आप पानी में नींबू के टुकड़े और कपूर की गोलियां डालकर उन्हें उबाल लें।

अब इस पानी को ठंडा करके छान लेना है और किसी स्प्रे बोतल में भरकर रख लें। इस घोल को आप अपनी किचन की स्लैब और कैबिनेट्स में छिड़काव कर सकती हैं।

### सीलन की स्मेल होगी दूर

बारिश के मौसम में अक्सर किचन में और कैबिनेट्स के अंदर सीलन की स्मेल आने लगती है। ऐसे में आप नींबू और कपूर को उबालकर उसका पानी ठंडा करके छान लें। फिर इसे किसी भी स्प्रे बोतल में भरें और किचन कैबिनेट्स में इसको छिड़क दें। ऐसा करने से सीलन की स्मेल एकदम गायब हो जाएगी और अलमारियां महकने लगेगी। इस स्प्रे का खाने-पीने की चीजों पर गलत असर भी नहीं होगा। यानि यह एक नेचुरल एयर फ्रेशनर का काम करेगा।

### किचन सिंक की चिकनाई करें साफ

आप नींबू और कपूर के इस पानी से किचन सिंक की चिकनाई भी दूर कर सकती हैं। इसके लिए आपको नींबू और कपूर वाले इस घोल को गर्म किसी बर्तन में निकाल लेना है। अब इसमें आप कोई लिक्विड डिश वाश और बेकिंग सोडा मिला लें और फिर लोहे वाले स्क्रबर को इस घोल में डुबोकर किचन सिंक की चिकनाई को रगड़ें। इसके बाद सिंक नई जैसी नजर आएगी।

### सिंक पाइप की स्मेल दूर

आप किचन सिंक के पाइप में नींबू और कपूर का गर्म पानी पाइप में रात में डाल दें। इससे आपके किचन सिंक का कचरा और बदबू दोनों गायब हो जाएंगी और आपका सिंक एकदम महकने लगेगा।

## सावन के महीने से आखिर कैसे जुड़ गया झूला, जानिए



सावन में कई सारे लोग ऐसे होते हैं, जो अपने घरों में झूला डालते हैं। लेकिन इसके पीछे क्या महत्व होता है। सावन का महीना बेहद खास होता है। इस महीने में भगवान शिव की पूजा की जाती है। यही महीना ही है जिसमें हर जगह हरियाली नजर आती है। ऐसा कहा जाता है कि इसी महीने में घरों में झूला भी डाला जाता है। इसके पीछे कई सारे धार्मिक महत्व भी है। इसी महत्व के बारे में हम आपको आज आर्टिकल में बताते हैं, ताकि आप भी इस सावन के महीने में घर पर झूला जरूर डाल सके।

### सावन में झूला डालने की परंपरा कहां से आई

हिंदू धर्म के अनुसार, सावन का महीना माता पार्वती और भगवान शिव के मिलन का प्रतीक माना जाता है। इस दौरान माता पार्वती अपने मायके गई थी और वहां पर सहेलियों के साथ झूला झूलती नजर आई थी। इससे माता पार्वती को काफी आनंद मिला। यह परंपरा स्त्रियों के लिए विशेष मायने रखती है, खासकर कुंवारी कन्याएं और विवाहित महिलाएं इस दौरान व्रत रखती हैं और झूला झूलकर मां गौरी का आशीर्वाद प्राप्त करती हैं। इसलिए अक्सर सावन में झूला डाला जाता है।

### सावन में झूला कैसे डाला जाता है

सावन में झूला डालने से पहले मजबूत रस्सी को रखा जाता है। साथ ही, इस रस्सी की पूजा की जाती है। इसके बाद घर के आंगन में झूला डाला जाता है। इस तरह से झूला डालने से माता पार्वती का आशीर्वाद मिलता है। साथ ही, सावन में झूला झूलने का आनंद बढ़ जाता है। इसे घर के बड़े लोग डालते हैं, ताकि घर की महिलाएं अच्छे से झूला झूल सके। साथ ही, इस मौसम का आनंद ले सके।

## पैरा कैनो खिलाड़ियों का बोट के साथ हुआ परीक्षण, बताई खेल की बारीकियां



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कायाकिंग एंड कैनोइंग एसोसिएशन के द्वारा भारतीय कयाकिंग एंड कैनोइंग एसोसिएशन के साथ मिलकर दो दिवसीय पैरा कैनो की वर्कशॉप राज्य की राजधानी रायपुर स्थित छत्तीसगढ़ ओलंपिक एसोसिएशन के कार्यालय, इंडोर स्टेडियम एवं प्रैक्टिकल जानकारी बूढ़ा तालाब पर आयोजित की गई। इसका उद्देश्य छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों को लाभान्वित करना व राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक लेने योग्य बनाना था।

इस संबंध में भारतीय कयाकिंग एंड कायकिंग एसोसिएशन के प्रशिक्षकों ने खिलाड़ियों के परफॉरमेंस को देखकर कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य के खिलाड़ी जल्द ही इंटरनेशनल टूर्नामेंट में खेलते दिखेंगे क्योंकि एक दिन में ही सभी खिलाड़ी बोट्स को आराम से चलाने लगे जिसमें बैलेंसिंग करने में ही खिलाड़ियों की काफ़ी समय लगता है। यदि इन खिलाड़ी पर कार्य किया जाए तो आने वाले समय मैं शीघ्र ही छत्तीसगढ़ का नाम भारत में पेरा कैनोइंग में चमक जाएगा।



इस दौरान प्राची यादव और मनीष कौरव ने पैरा कैनो की बोट में खिलाड़ियों को बिठाकर टेस्ट लिया और उनकी योग्यता का परीक्षण किया। यहां से चयनित खिलाड़ी भोपाल के पैरा सेंटर में प्रशिक्षण लेंगे, जहां पर अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी व पैरा चेयरपर्सन मयंक ठाकुर प्रशिक्षण देते हैं। सभी बोट्स एसोसिएशन के द्वारा खरीदी गई है।

समापन समरोह में टंकराम वर्मा खेल मंत्री छत्तीसगढ़ शासन, डॉ विक्रम सिंह सिसोदिया महासचिव छत्तीसगढ़ ओलिंपिक एसोसिएशन, प्रशांत सिंह रघुवंशी, चेयरमैन सीजी पैरा कैनोइंग, सह सचिव भारतीय कायाकिंग एंड कैनोइंग एसोसिएशन, मुरली शर्मा अध्यक्ष जोन 4 नगर पालिका निगम, अकरम ख़ान और डॉ नवीन बाफना ने झण्डा दिखा कर पैरा केनो खेल का शुभारंभ किया। खेल मंत्री वर्मा ने खिलाड़ियों के साथ नीचे बैठ कर आपस में चर्चा भी की और खेल की बारीकियों को समझा। उन्होंने दिव्यांग खिलाड़ियों को हर सम्भव मदद करने का आश्वासन भी दिया।

### राज्यपाल से भारतीय पैरा कैनो एथलीट खिलाड़ियों ने की भेंट

राज्यपाल रमेन डेका से राजभवन में अर्जुन पुरूस्कार से सम्मानित भारतीय पैरा कैनो एथलीट प्राची यादव ने सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर मनीष कोरव, खिलाड़ी विपिन कुर्मी, कोच प्रशांत सिंह रघुवंशी, सह सचिव छत्तीसगढ़ प्रदेश कयाकिंग एंड कैनोइंग अमरजीत छाबड़ा सह सचिव छत्तीसगढ़ प्रदेश कयाकिंग एंड कैनोइंग भी उपस्थित थे। प्रशिक्षण के बाद डॉ प्रशांत चतुर्वेदी ने दिव्यांग खिलाड़ियों को पैरा केनो खेल में चोट लगने पर बचाव की जानकारी दी। आयोजन में प्रवेश जोशी जिला खेल अधिकारी, त्रिपाठी साई इंचार्ज, तामेश्वर, खिलेश्वर चंद्राकर और आनंद चंद्राकर भी उपस्थित थे।


















# फिल्म इवेंट

## हॉलीवुड

### 'टेरिफायर' हाउस 2022 सीक्वल से प्रेरित हैलोवीन हॉरर नाइट्स प्रदर्शन के लिए तैयार



इस वर्ष के हेलोवीन हॉरर नाइट्स कार्यक्रम के भाग के रूप में टेरिफायर के प्रशंसकों को एकमात्र आर्ट द क्लाउन अभिनीत हॉरर का एक मजेदार अनुभव मिलेगा। यूनिवर्सल स्टूडियोज़ हॉलीवुड और यूनिवर्सल ऑरलैंडो रिज़ॉर्ट ने 2025 के हाउस लाइनअप में नवीनतम जोड़ के रूप में स्लेशर फ्रैंचाइज़ी की घोषणा की। यह खबर फॉलआउट, फ्राइडे द 13 और फाइव नाइट्स एट फ्रेडीज़ पर आधारित हाउस और अनुभवों के पिछले खुलासों के बाद आई है। लेखक-निर्देशक डेमियन लियोन, निर्माता फिल फाल्कोन और डार्क एज सिनेमा प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित ब्रह्मांड पर आधारित यह भूलभुलैया ₹एक भयावह प्रेतवाधित घर है जो आतंक की एक नई भावना से भरा हुआ है। 2022 के सीक्वल के वीरान कार्निवल में आर्ट द क्लाउन के दुःस्वप्न फ़नहाउस से प्रेरित होकर, इस घर में उपस्थित लोग टेरिफ़ायर के मुख्य हत्यारे के नवीनतम शिकार बनेंगे। जैसे-जैसे वे अंदर जाएँगे, प्रशंसक आर्ट द्वारा की गई भयावह हत्याओं के ₹दृश्यों, ध्वनियों, गंधों और भय₹ से अभिभूत होने की उम्मीद कर सकते हैं, जिन्हें कार्यक्रम के अनुसार ₹सभी के देखने के लिए खुशी से प्रदर्शित₹ किया जाएगा।

फ्रैंचाइज़ी की कई प्रतिष्ठित हत्याओं को देखने के अलावा, घर के ₹क्लस्ट्रोफोबिक₹ गलियारों में उपस्थित लोग विकी और लिटिल पेल गर्ल सहित कुछ परिचित चेहरों से भी मिलने की उम्मीद कर सकते हैं, क्योंकि वे क्लाउन कैफे, एक विद्रोही बाथरूम और एक घातक क्रिसमस हॉररस्केप जैसे पुनर्निर्मित स्थानों से गुजरते हैं। अपनी बेलगाम क्रूरता और बेबाक खून-खराबे के लिए मशहूर, टेरिफ़ायर फ्रैंचाइज़ी हॉरर शैली की सबसे बड़ी आधुनिक सफलता की कहानियों में से एक है।

## टॉलीवुड

### राजामौली ने किया 'बाहुबली: द एपिक' का ऐलान, एक बार फिर दिखेगा जलवा



साउथ की ब्लॉकबस्टर फिल्मों में से एक 'बाहुबली द बिगनिंग' को 10 साल पूरे हो गए हैं। प्रभास स्टारर यह फिल्म को 10 जुलाई 2015 को रिलीज हुई थी। फिल्म ने वर्ल्डवाइड शानदार कमाई की थी और सबसे सक्सेसफुल फिल्मों में अपना नाम दर्ज कराया। आज जब फिल्म को 10 साल पूरे हो गए हैं तो मेकर्स ने ऑडियंस को एक और तोहफा देने का ऐलान कर दिया है।

दरअसल बाहुबली फिल्म के ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल से इस बात का ऐलान किया गया है कि बाहुबली के पहले और दूसरे पार्ट को एक साथ सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। 'बाहुबली मूवी' ने लिखा है- 10 साल पहले, एक सवाल ने पूरे देश को एकजुट कर दिया था...अब वही सवाल और उसका जवाब लौट रहे हैं—एक भव्य महाकाव्य में साथ-साथ। 'बाहुबली द एपिक' पूरी दुनिया में 31 अक्टूबर 2025 को रिलीज हो रही है। 'बाहुबली: द एपिक' दरअसल पहली और दूसरी फिल्म को मिलाकर दिखाए जाने वाला एक वर्जन होगा। इस फिल्म के जरिए मेकर्स एक बार फिर बाहुबली की यादों को पर्दे पर ताजा करना चाहते हैं।

फिल्म के डायरेक्टर एस एस राजामौली ने इस मौके पर सोशल मीडिया पर एक भावुक पोस्ट शेयर की जिसमें उन्होंने लिखा, 'बाहुबली... कई यात्राओं की शुरुआत, अनगिनत यादें और अंतहीन प्रेरणा। 10 साल पूरे हो चुके हैं और इसे यादगार बनाने के लिए आ रही है 'बाहुबली द एपिक'! 'बाहुबली' को वैसे तो कई अवॉर्ड्स मिले थे लेकिन इसे राष्ट्रीय पुरस्कारों से भी नवाजा गया – जिसमें बेस्ट फीचर फिल्म और बेस्ट स्पेशल इफेक्ट्स प्रमुख हैं। ये आज भी छठी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली तेलुगु फिल्म है और इसकी हिंदी डब्ड वर्जन अब तक की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली डब्ड फिल्म है।

## भोजपुरी

### काजल की नई फिल्म 'गुजराती बहू' का ट्रेलर जारी, दर्शकों ने किया पसंद



काजल राघवानी की नई भोजपुरी मूवी 'गुजराती बहू' का ट्रेलर यूट्यूब पर छाया हुआ है। इसे अब तक 15 लाख से ज्यादा लोगों ने देख डाला है और इसकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। फैंस का कहना है कि ये एकदम अलग हटकर फिल्म है, जो खूब धमाल मचाएगी। काजल राघवानी की अपकमिंग मूवी 'गुजराती बहू' का जबरदस्त ट्रेलर रिलीज हो गया है, जिसे दर्शकों ने हाथों-हाथ लिया है। इसे खूब पसंद किया जा रहा है। फिल्म में काजल राघवानी ने एक गुजराती बहू का किरदार निभाया है, जिसकी शादी उत्तर प्रदेश में रहने वाले एक परिवार से हो जाती है। जहां वो सबका दिल जीतने की कोशिश करती है, लेकिन उसकी जिंदगी में तूफान मच जाता है।

भोजपुरी फिल्म 'गुजराती बहू' का दमदार ट्रेलर रिलीज हो गया है। इसमें दिखाया गया है कि यूपी के परिवार का एक बेटा गुजराती लड़की (काजल राघवानी) से शादी कर लेता है और उसे बहू बनाकर अपने घर लाता है तो उसके भाई और भाभी खिलाफ हो जाते हैं। वो लड़की को अपनाने से इनकार कर देते हैं। लेकिन लड़की अपनी नेकदिली से सबका दिल जीत लेती है। जब सब कुछ ठीक हो रहा होता है, तभी कुछ ऐसा होता है कि उसकी जिंदगी बदल जाती है। इस फिल्म में काजल राघवानी, प्रशांत सिंह, रंभा साहनी, रिंकू भारती, संगीता राय, पुष्पेंद्र राय, ऋतु चौहान और पार्थ मिश्रा हैं।

## लाइफ स्टाइल

### फरिश्ते जमीं पर



डाक्टरों को इस जमीन का फरिश्ता माना जाता है। हाल ही में बीजिंग में चाइना इंटरनेशनल फ़ैशन वीक के दौरान मेडिकल प्रोफेशनल्स से प्रेरित पोशाकें पहन कर मॉडल रनवे पर आए। यह एक तरह से इस जमीन के फरिश्तों को आदरांजलि है। आयोजकों और डिज़ाइनरों का कहना है कि यह कोविड जैसी महामारी की रोकथाम में शामिल मेडिकल प्रोफेशनल्स को श्रद्धांजलि भी है, और इसकी थीम 'खतरे में जूझते नायक' रखी गई है।

## बारिश में स्किन होने लगी है चिपचिपी, इन ट्रिक्स से दिखें फ्रेश

बारिश का मौसम जहां गर्मी से राहत दिलाने का काम करता है, वहीं इस मौसम में त्वचा की सही तरह से देखभाल न की जाए तो अनचाही स्किन प्रॉब्लम्स भी शुरू हो जाती हैं। दरअसल, इस मौसम में हवा में बढ़ती नमी और उमस के कारण त्वचा से ज्यादा तेल निकलता है और इस वजह से स्किन चिपचिपी होने लगती है। यह चिपचिपापन मुंहासे, ब्लैकहेड्स और त्वचा से जुड़ी कई परेशानियों को जन्म देता है। इस वजह से जहां त्वचा का ग्लो कम हो जाता है, तो वहीं ये बेजान भी नजर आती है। अगर आप इस मौसम में चिपचिपी स्किन को फ्रेश और ग्लोइंग बनाएं रखना चाहती हैं, तो आप इस आर्टिकल में बताई गई टिप्स को फॉलो कर सकती हैं।


यहां बताई गई टिप्स चिपचिपी त्वचा को फ्रेश और ग्लोइंग बनाने के लिए मददगार साबित हो सकती हैं। साथ ही, इन टिप्स को आप अपने स्किन केयर रूटीन में भी शामिल कर सकती हैं।

### फोमिंग क्लींजर का करें इस्तेमाल

चिपचिपी त्वचा की समस्या से राहत पाने के लिए आप फोमिंग क्लींजर का इस्तेमाल कर सकती हैं। ये त्वचा के एक्स्ट्रा ऑयल और गंदगी को साफ करेगा, साथ ही, पोर्स को बंद होने से भी रोकेगा। फोमिंग क्लींजर की मदद से आप रोजाना चेहरे को साफ करें और ये काम सुबह और शाम दोनों समय करें।

### मॉइस्चराइजर का करें इस्तेमाल

चिपचिपी त्वचा होने पर अगर आप मॉइस्चराइजर इस्तेमाल नहीं करती हैं, तो स्किन से जुड़ी समस्याएं पैदा हो सकती हैं। इसलिए मॉइस्चराइजर का इस्तेमाल जरूर करें। ये त्वचा को हाइड्रेटेड रखेगा,



साथ ही, त्वचा पर नमी बनाए रखने का काम करेगा। बारिश के मौसम में आप लाइट मॉइस्चराइजर का इस्तेमाल कर सकती हैं और इसके लिए आप किसी एक्सपर्ट की भी मदद ले सकती हैं।

### फेस मिस्ट करें अप्लाई

फेस मिस्ट स्किन के पोर्स को कसने और त्वचा के pH संतुलन को बनाए रखने का काम करता है, साथ ही, फेस मिस्ट स्किन को फ्रेश भी रखता है। फेस मिस्ट को आप दिन में 2 से 3 बार चेहरे पर स्प्रे करें ताकि त्वचा फ्रेश रहे। चिपचिपी त्वचा की समस्या को कम करने के लिए आप मुल्तानी मिट्टी से बने फेस पैक का इस्तेमाल कर सकती हैं। ये चेहरे के एक्स्ट्रा ऑयल को सोखने और त्वचा को डिटॉक्स करने का काम करेगा।

## स्टाइलिश लुक पाने प्रिंटेड कुर्ता और प्लाजो के खास डिजाइंस आपके लिए



अगर आप स्टाइलिश लुक चाहती हैं, तो आप इस तरह के प्रिंटेड कुर्ता और प्लाजो का चुनाव कर सकती हैं। यह आउटफिट जहां आपको क्लासी दिखाएगा, वहीं ब्यूटीफुल लुक पाने के लिए भी यह आउटफिट बेस्ट ऑप्शन है।



कुर्ता और प्लाजो इन दिनों काफी ट्रेंड में हैं, और ऐसा इसलिए क्योंकि यह आउटफिट इस समय महिलाओं का पसंदीदा ऑप्शन बन गया है। इस आउटफिट में वे जहां कम्फर्टेबल रहती हैं, तो साथ ही, सुंदर भी नजर आती हैं। इसी के साथ, ये आउटफिट ट्रेंडी और मॉडर्न लुक पाने के लिए बेस्ट ऑप्शन हैं। यह आउटफिट महिलाएं ऑफिस जाने के दौरान पहन सकती हैं और कई सारे खास मौकों पर भी स्टाइल करने के लिए ये बेहतरीन ऑप्शन हैं। यह आउटफिट आपको कई सारे कलर और डिजाइन ऑप्शन के साथ मिल जाएंगे। लेकिन, अगर आप भीड़ से अलग और नया लुक चाहती हैं, तो प्रिंटेड कुर्ता और प्लाजो का चुनाव कर सकती हैं।आपको कुछ प्रिंटेड कुर्ता और प्लाजो सेट दिखा रहे हैं। ये आउटफिट आपके डेली वियर को अपग्रेड करने और स्टाइलिश लुक पाने के लिए बेस्ट ऑप्शन हो सकते हैं।



### फ्लोरल प्रिंटेड कुर्ता और प्लाजो

ऑफिस में स्टाइल करने के लिए इस तरह के फ्लोरल प्रिंटेड कुर्ता और प्लाजो बेहतरीन रहेंगे। इनको पहनने के बाद आपका लुक अच्छा लगेगा। यह आउटफिट फ्लोरल पैटर्न में है और वी-नेक डिजाइन में आता है। इस तरह का आउटफिट क्लासी लुक देगा और इसे स्टाइल करने के बाद आप स्टाइलिश भी नजर आएंगी। इस आउटफिट को आप कई सारे पैटर्न और नेक डिजाइन ऑप्शन्स के साथ ले सकती हैं, और ये आपको आसानी से ऑनलाइन या ऑफलाइन दोनों ही जगहों पर मिल जाएंगे। इस आउटफिट के साथ आप ऑक्सीडाइज झुमकेपहन सकती हैं और हेयर स्टाइल को स्ट्रेट रख सकती हैं।

### ब्लॉक प्रिंटेड कुर्ता और प्लाजो

अगर आप किसी पार्टी या फैमिली फंक्शन में शामिल हो रही हैं, तो आप इस तरह के ब्लॉक प्रिंटेड कुर्ता और प्लाजो सेट का चुनाव कर सकती हैं। इस आउटफिट में आपका लुक रॉयल नजर आएगा, साथ ही, आप खूबसूरत भी दिखेंगी। यह आउटफिट आपको कई सारे ऑप्शन के साथ मिल जाएगा।

## सिंपल ड्रेस को ग्लैमरस लुक देंगे ट्रेंडी नेकलेस

कई सारे खास मौकों पर महिलाएं ड्रेस स्टाइल करना पसंद करती हैं। लेकिन, इस ड्रेस को कैसे ग्लैमरस और अट्रैक्टिव लुक दें, इसको लेकर वो काफी कन्फ्यूज रहती हैं। अगर आपके साथ भी ऐसा है, तो आप इस आर्टिकल में दिखाए गए नेकलेस स्टाइल कर सकती हैं। ये नेकलेस आपके लुक को न्यू टच देने का काम करेंगे, साथ ही, इन्हें स्टाइल करने के बाद आप खूबसूरत भी नजर आएंगी।

### पर्ल नेकलेस

लाइट या डार्क कलर की ड्रेस के साथ आप इस तरह के पर्ल नेकलेस पहन सकती हैं। यह पर्ल नेकलेस फ्लोरल पैटर्न में है और इसे स्टाइल करने के बाद आपका लुक सुंदर नजर आएगा। यह नेकलेस आपको कई सारे डिजाइन ऑप्शन्स के साथ मिल जाएगा। इस पर्ल नेकलेस को आप ऑनलाइन या ऑफलाइन, इन दोनों ही जगहों पर 300 रुपये में खरीद सकती हैं।

### स्टोन नेकलेस

अगर आप अपने आउटफिट के हिसाब से नेकलेस स्टाइल करने का सोच रही हैं, तो आप स्टोन नेकलेस का चुनाव कर सकती हैं। यह



नेकलेस आपको कई सारे कलर और डिजाइन ऑप्शन्स में मिल जाएंगे। साथ ही, इस नेकलेस को स्टाइल करने के बाद आपका लुक अच्छा भी लगेगा। इस नेकलेस को आप ऑनलाइन या ऑफलाइन, इन दोनों ही जगहों से 400 से 500 रुपये में खरीदकर स्टाइल कर सकती हैं।

### चोकर नेकलेस

शॉर्ट ड्रेस के साथ आप इस तरह का चोकर नेकलेस पहन सकती हैं। इस चोकर नेकलेस में स्टोन वर्क किया हुआ है। इस चोकर नेकलेस को स्टाइल करने के बाद आपका लुक रॉयल नजर आएगा। यह नेकलेस आपको ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों ही जगहों पर मिल जाएगा।

## तेज बारिश में भी खिला रहेगा मेकअप इन आसान हैक्स से

बारिश के मौसम में अक्सर मेकअप फैल जाता है। इसी वजह से कई सारी लड़कियों को टचपच करना पड़ता है। लेकिन इस 5 मिनट वाले हैक्स की मदद से आपका मेकअप बारिश में नहीं फैलेगा।

### मेकअप से पहले एलोवेरा जेल

बारिश का मौसम में अक्सर मेकअप खराब हो जाता है। ऐसे में जरूरी है कि आप मेकअप करने से पहले एलोवेरा जेल का इस्तेमाल करें। एलोवेरा जेल को लगाने से स्किन हेल्दी रहती है। साथ ही, मेकअप भी बहता नहीं है। इसके लिए आपको पहले स्किन को पानी से साफ करना है। फिर अपने चेहरे पर एलोवेरा जेल को लगाना है। इसके बाद स्किन पर से पसीना और ऑयल कम हो जाता है। इससे मेकअप बारिश में नहीं बहता है।

### टिंटेड मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल

गर्म और नमी वाले मौसम में फाउंडेशन बहने लगता है। ऐसे में कोशिश करें कि आप टिंटेड मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल करें। यह हल्का और नेचुरल होता है। इसे



लगाने से आपकी त्वचा पर लगा पसीना बहता नहीं है। साथ ही, आपको दोबारा टेचअप करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इस तरह के मेकअप लुक को आप अच्छी नजर आएंगी।

### सेटिंग स्प्रे से करें सेट

आप बारिश के मौसम में जब भी मेकअप करें तो सेटिंग स्प्रे से इसे सेट करें। सेटिंग स्प्रे को मेकअप अच्छे से सेट करें। इसके लिए आप मेकअप से पहले सेटिंग स्प्रे का इस्तेमाल करें। इसके बाद मेकअप जब हो जाए तो फिर सेटिंग स्प्रे को लगाएं। इससे आपका मेकअप बारिश में नहीं बहेगा। इस तरह से आप मेकअप लुक को आप ट्राई करें।

## कार्नर न्यूज

### इस मौसम में फैशन पर हावी रहेगा रंग

# सावन में सिर्फ हरा नहीं, इन रंगों को भी देखें

हरे रंग के साथ ही अगर आप कुछ नए और ट्रेंडिंग रंगों को अपने स्टाइल और आउटफिट का हिस्सा बनाएंगी तो हर मौके पर आपका लुक सबसे अलग और आकर्षक बन सकता है। आइए जानते हैं सावन 2025 में हरे के अलावा कौन से रंग ट्रेंड में हैं और कैसे उन्हें अपने स्टाइल में शामिल करें।

सावन का महीना शुक्रवार से शुरु हो गया है। सावन मास आते ही हर ओर हरियाली और ताजगी का अहसास होने लगता है। यह माह धार्मिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। वहीं फैशन का भी एक अलग रंग इस दौरान देखने को मिलता है। आमतौर पर सावन में लोग हरे रंग का प्राथमिकता देते हैं। हालांकि फैशन एक्सपर्ट्स की मानें तो इस मौसम में कुछ अन्य रंग भी उतने ही खूबसूरत और प्रभावशाली लगते हैं।

सावन सिर्फ हरियाली का महीना नहीं, बल्कि रंगों का उत्सव है। हरे रंग के साथ ही अगर आप कुछ नए और ट्रेंडिंग रंगों को अपने स्टाइल और आउटफिट का हिस्सा बनाएंगी तो हर मौके पर आपका लुक सबसे अलग और आकर्षक बन सकता है।



आइए जानते हैं सावन 2025 में हरे के अलावा कौन से रंग ट्रेंड में हैं और कैसे उन्हें अपने स्टाइल में शामिल करें।

**सावन में किन रंगों के कपड़ें पहनें**

### गुलाबी रंग

गुलाबी रंग बेहद आकर्षक होता है। बरसात के मौसम के साथ जो नमी आती है, उसमें भी यह रंग फ्रेश लुक देता है। हल्का गुलाबी या बेबी पिंक रंग चेहरे पर खास निखार लाता है। यह रंग मानसून की नमी में भी फ्रेशनेस का एहसास देता है। आप इसे सूट, साड़ी या कुर्ते के रूप में पहन सकती हैं। गुलाबी रंग संवेदनशील माना जाता है और इसे स्त्री प्रतीक के रूप में भी लिया जाता है। ऐसे में इस बारिश में गुलाबी रंग आप पर खिल उठेगा।

### नारंगी रंग

हरियाली के इस महीने में नारंगी रंग खिला-खिला दिखता है। यह रंग ऊर्जा और सकारात्मकता का प्रतीक है। नारंगी रंग सावन की हरियाली में अधिक ब्राइट बना देता है। आप ऑरेंज कलर की एथनिक ड्रेज, लाइट मेकअप और सिंपल ज्वेलरी के साथ एकदम परफेक्ट लुक अपना सकती हैं।

### बैंगनी या लैवेंडर रंग

इन दिनों लैवेंडर रंग ट्रेंड में है। बैंगनी या लैवेंडर कलर कभी भी मौके पर आपको रॉयल लुक देता है। लैवेंडर या बैंगनी रंग के आउटफिट आपके स्टाइल में क्लासिक और रॉयल टच लाते हैं। सावन के धार्मिक अवसरों पर यह रंग सजीवता और गहराई दोनों दिखाता है।

### पैस्टल ब्लू

पेस्टल ब्लू या हल्का नीला रंग ठंडक और संतुलन का रंग है। मानसून की उमस में पेस्टल सुकून देता है। यह रंग बेहद शांत और फैशनेबल लुक देता है। इसे ऑफिस से लेकर फंक्शन तक में कैरी किया जा सकता है।

### पीले रंग के परिधान

पीला रंग उत्सव और ऊर्जा से भरपूर होता है। सावन में पीले रंग का अपना ही आकर्षण होता है। हरियाली के बीच जब आप पीले रंग के परिधान में नजर आएंगी तो आपकी खूबसूरती में चार-चांद लग जाएंगे। सावन में कई धार्मिक अवसर पर पीला रंग काम आएगा।

